सुप्रभात
रांची, बुधवार
15.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 300

12 हर घर की एक महिला के खाते में जायेंगे एक लाख खटाखट : राहुल

## न्यूज डायरी

### नम आंखों से दी गयी सुमो को अंतिम विदाई

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी (सुमो) का अंतिम संस्कार मंगलवार की रात राजकीय सम्मान के साथ पटना के दीघा घाट पर किया गया। उनके बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। इससे पहले पार्थिव शरीर बिहार विधानमंडल और भाजपा कार्यालय ले जाया गया। सीएम नीतीश अस्वस्थ होने के कारण अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके।

### तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नयी दिल्ली।** कई अस्पताल और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब तिहाड़ जेल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी ईमेल के जरिए दी गयी है। धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी है।

### मुंबई में इंडी ब्लॉक की मेगा रैली 17 को

**नयी दिल्ली ।** आइएनडीआइए ब्लॉक की 17 मुंबई में एक मेगा रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, उद्धव ठाकरे शरद पवार उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगेंगे। जमानत पर चल रहे अरविंद केजरीवाल को भी रैली में शामिल बुलाया जा रहा है।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा: केपी मौर्य

**लखनऊ।** यूपी के बाराबंकी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को भ्र,टाचार की अम्मा करार दिया। साथ ही कहा कि गठबंधन के नेता कहते हैं कि उनकी सरकार बनती है 370 फिर से लगा देंगे । पाकिस्तान से आतंकवादियों के आने का रास्ता साफ कर देंगे। सपा-बसपा, कांग्रेस के लोग कहते हैं कि वोट का जिहाद करो।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## गिरिडीह में मोदी बोले- भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण गठबंधन की देन, सुनाया संकल्प

# तीसरे काल में भ्रष्टाचार, नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार

- कोडरमा- गिरिडीह का मोदी ही एमपी और पीएम
- झारखंड को अब नक्सलियों का गढ़ नहीं बनने दूंगा
- आदिवासियों का लूटा गया पैसा वापस दिलाकर रहूंगा
- देशहित में मजबूत सरकार बनायें
- कमजोर सरकार जन नहीं स्वहित देखती है



खबर मन्त्र ब्यूरो

**गिरिडीह।** एक बार फिर मंगलवार को झारखंड दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, आतंकवाद और नक्सलवाल को ले कर कांग्रेस, झामुमो और इंडी गटबंधन के नेताओं पर करारा प्रहार किया। कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के लिए वोट मांगा। गिरिडीह के बिरनी स्थित पेशम में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, मैं काशी से नामांकन के बाद सीधे यहां आया हूं। नामांकन के बाद यह पहली जनसभा है। मैं काशी का पीएम नहीं, एमपी हूं। पर कोडरमा और गिरिडीह के लोगों को भी यही सोच कर वोट देना है कि मोदी ही आपका एमपी और मोदी ही आपका पीएम है। मोदी ने कहा, आतंक हो या नक्सलवाद, मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल में इनपर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुकी है। कांग्रेस की कमजोर सरकार के कारण आतंकवाद बढ़ा। वहीं झारखंड की वर्तमान सरकार ने तो भष्टाचार और तुष्टिकरण की सीमा ही लांघ दी। मोदी सरकार हर हाल में इनसब पर नकेल कसेगी। आदिवासी गरीब जनता का लूटा गया पैसा तो वापस लौटायेंगे ही, लुटेरो को जेल भी भेजेंगे। उन्होंने कहा देशहित में मजबूत सरकार बनायें। मजबूत सरकार देश हित और कमजोर सरकार स्वहित देखती है। कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार देशवासियों का भला नहीं कर सकती, देश को कमजोर ही बनाती है।

**भष्टाचारियों की नींद उड़ा दूंगा :** पीएम ने कहा मैं भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्त कराने के लिए जीवन खपा दूंगा। झामुमो-कांग्रेस-लेफ्ट इन सारी बुराइयों का सबसे बड़ा मॉडल है। सभी लोग जानते हैं कि इन लुटेरों के सिर पर किसका हाथ है। ये जो भी करते हैं, वो शाही परिवार के इशारे से करते हैं। मेरा संकल्प है कि ऐसे चोरों को सोने नहीं दूंगा। उनके खजाने खाली कर दूंगा, उनकी नींद उड़ा दूंगा। इन पैसों के मालिक आप हैं। मोदी इन पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है, इसलिए ये लोग मोदी को गालियां देते हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं ने तुष्टीकरण का खेल चरम पर पहुंचा दिया है। ये लोग अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने की साजिश कर रहे हैं। रामलला को फिर से टेंट में भेजना चाहते हैं, लेकिन, मोदी उनकी यह साजिश सफल नहीं होने देगा। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड को नक्सलियों का गढ़ नहीं बनने दूंगा

पीएम मोदी ने झारखंड में नक्सलवाद की समस्या का जिक्र करते हुए कांग्रेस, झामुमो, राजद और लेफ्ट पार्टियों पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि अपने तीसरे कार्यकाल में आतंक और नक्सलवाद पर और जोरदार प्रहार करूंगा। झारखंड को फिर से नक्सलवाद का गढ़ नहीं बनने दूंगा। मैं उन्हें माताओं की कोख छीनने नहीं दूंगा। पूरी आदिवासी बेल्ट खूनखराबे से मुक्त होगी। पीएम ने कहा कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंक दिया। इनकी वजह से इस इलाके में माताओं के सपने कुचले गये। बेटे बंदूक उठा रहे थे और माताएं रोने पर मजबूर थीं। यह भाजपा की सरकार है, जिसने देश में नक्सली हिंसा पर लगाम लगायी। मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं, उनसे टकराना आता है। जब हौसला फौलादी हो तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी चरण चूमने लग जाती है।

### झारखंड के एक नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही

पीएम मोदी ने कहा, हमारे कामों से झामुमो-कांग्रेस और राजद के नेता बौखला गये हैं। संतुलन खो चुके हैं। कोडरमा में इंडी गठबंधन के एक नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही। जो लोग मुझे गोली मारने के सपने देख रहे हैं, कब्र खोदने के सपने देख रहे हैं, उन्हें आज यहीं माता-बहनों का प्यार देखना चाहिए। यही मेरा सुरक्षा कवच है। यहां मोदी को जीने की ताकत देने वाले लोग बैठे हैं।

### काशी से कोडरमा तक एक ही नारा
### एक बार फिर मोदी सरकार

यहां पीएम ने जनसमूह से कहा, काशी से लेकर कोडरमा तक एक ही बात गूंज रही है, एक बार फिर से मोदी सरकार। मैं दिल्ली में बैठकर आप सभी के लिए चिंता करता हूं, काम करता हूं। उन्होंने कहा कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी को विजयी बना कर दिल ली भेजें, तभी फिर मोदी की सरकार बन पायेगी। आप यह सोच कर वोट दें कि मोदी ही आपका एमपी और पीएम है।

## काल भैरव का आशीर्वाद ले पीएम मोदी ने भरा पर्चा



एजेंसी

**वारणसी।** काल भैरव से आशीर्वाद लेकर पीएम मोदी ने मंगलवार को काशी में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। ब्राह्मण-दलित और ओबीसी वर्ग से जुड़े लोग उनके प्रस्तावक बने। इस दौरान योगी समेत 12 राज्यों के सीएम और एनडीए के अनेक बड़े नेता मौजूद थे। मोदी ने तीसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र में नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। सबसे पहले पांच वैदिक आचार्यों की मौजूदगी में दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन की। फिर काल भैरव की पूजा के पीएम मोदी नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट दफ्तर पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र भरने मोदी का काफिला सुबह 8:30 पर वाराणसी के बनारस लोकोमोटिव वर्कशॉप गेस्ट हाउस से निकला था। दश्वामेध घाट पहुंच कर मोदी ने विधि-विधान से मां गंगा का पूजन-अर्चन किया। पुरोहितों के अनुसार गंगा सप्तमी को मां गंगा की उत्पत्ति का दिवस माना जाता है। वैशाख शुक्ल सप्तमी अपने आप में बेहद पुण्यकारी है। यह सभी कार्यों को सिद्ध करने वाला मुहूर्त है इसलिए मोदी ने इस वक्त अपना नामांकन दाखिल किया।

### ब्राह्मण-दलित और ओबीसी के लोग बने प्रस्तावक

**कार्यकर्ताओं को दिया विजय का मंत्र :** पीएम मोदी ने मंगलवार को नामांकन के बाद वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी तो जीत जायेगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है। मोदी ने इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को थैंक्यू कहा और एक जून तक अपना उत्साह और उमंग बनाए रखने के साथ-साथ प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया।

# मंत्री आलम से 10 घंटे पूछताछ इडी ने आज फिर बुलाया

## संजीव लाल, पत्नी रीता लाल, नौकर जहांगीर संग की पूछताछ

### ठेकेदारों के बैंक खाते को खंगाल रही है इडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से इडी कार्यालय में मंगलवार को करीब दस घंटे तक पूछताछ हुई। उन्हें इडी ने बुधवार को फिर तलब किया है। मंगलवार को पूछताछ में मंत्री के साथ उनके निलंबित पीएस संजीव लाल, संजीव की पत्नी रीता लाल, नौकर जहांगीर आलम से भी पूछताछ हुई। इडी ने मंत्री से पूछा कि इडी के द्वारा बरामद की गयी राशि किसकी है और उसे किस मद में जमा कर रखा गया था। इधर, सूचना के मुताबिक, इडी बरामद राशि 35.23 करोड़ की राशि किन-किन ठेकेदारों ने दिया है, इसकी जांच भी कर रही है। मंत्री आलमगीर आलम मंगलवार की सुबह 11 बजे इडी कार्यालय पहुंचे थे और वह इडी ऑफिस से 8.30 बजे छोड़ा गया। टेंडर घोटाला मामले में मंत्री को समन जारी पूछताछ करने बुलाया गया था। ईडी के दफ्तर में मंगलवार का दिन बेहद गहमागहमी था। गौरतलब हो कि मंत्री आलमगीर आलम के पीएस और उनके नौकर के ठिकानों पर पिछले दिनों इडी ने छापामारी कर 35.23 करोड़ रुपये बरामद किये थे। इडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी है कि जांच के दौरान यह पता चला है कि गिरफ्तार इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम टेंडर देने के लिए कमीशन एकत्र करते था और उस कमीशन का 1.5% का निर्धारित हिस्सा अपने वरिष्ठों और राजनेताओं के बीच वितरित किया जाता था। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया है कि छह मई को तलाशी कार्रवाई से संबंधित निष्कर्ष और दोनों आरोपियों की मिलीभगत का उल्लेख पहले ही रिमांड याचिका में किया जा चुका है। इसके अलावा पीएमएलए, 2002 की धारा 17 के तहत तलाशी भी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद की गयी थी। सात मई को संजीव लाल के एक सहयोगी राजीव कुमार के परिसर से 2.13 करोड़ रुपये की नकदी जब्त हुई थी। कार्रवाई के दौरान आपत्तिजनक सामग्री/ दस्तावेज/ डिजिटल डिवाइस भी मिले थे। जांच में यह पता चला है कि संजीव लाल कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की ओर से कमीशन के पैसों को जमा करता था। (शेष पेज 11 पर)

# जैविक उद्यान में बाघ के चार बच्चों की मौत

## दूध पिलाने के दौरान बच्चों पर ही लेट गयी थी मां गौरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में बाघ के चार बच्चों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि चारों शावकों की मौत बाघिन गौरी (मां) से दबकर हो गयी। चारों शावकों का जन्म 10 मई की रात दो बजे से 11 मई की दिन सुबह 10:30 बजे तक हुई थी। इस दौरान उद्यान प्रषासन सीसीटीवी कैमरे की मदद से लगातार बाघिन गौरी पर नजर भी रख रही थी। बताया गया कि जन्म के बाद शावकों को दूध पिलाने में बाघिन गौरी सहयोग नहीं कर रही थी और बाघिन शावकों पर ही लेट गयी। उद्यान के अधिकारियों को जब शावकों की जान का खतरे का एहसास हुआ, तो वे आनफानन में बाघिन के केज में पहुंचे। तबतक अधिकारी वहां पहुंचे, तब तक तीन शावकों की मौत मां के नीचे दबने से हो गयी थी। एक शावक जिंदा था। किसी प्रकार उसे बाहर निकाला गया, लेकिन बाद में उसकी भी मौत हो गयी। उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया गया। पर गंभीर अंदरूनी चोट के कारण उसे बचाया नही जा सका। सभी शावकों का शव का पोस्टमार्टम रांची वेटनरी कालेज के एचओडी डा मधुरेंद्रर गुप्ता ने किया। पोस्टमार्टम के बाद सभी को जैविक उद्यान के शवदाहगृह में जला दिया गया। इस दौरान जैविक उद्यान के निदेषक जब्बर सिंह, एसीएफ अषोक कुमार सिंह, वनक्षेत्र पदाधिकरी रामबाबु, पषु चिकित्सक डा. ओपी साहू, डा. एमके गुप्ता व उद्यान कर्मी उपस्थित थें।

### जैविक उद्यान में आठ बाघ हैं

बाघिन गौरी को 2018 में विलाषपुर उड़िसा चिड़ियाघर से जैविक उद्यान लाया गया था। वह पहली बार गर्भवती हुई थी। बताया गया कि जैविक उद्यान में बाघ की संख्या बढाने के उदेष्य से उद्यान प्रशासन द्वारा पहल किया गया था। बाघिन गौरी को 105 दिन के गर्भावस्था में पुरी देखभाल की जा ही थी। जन्म देने की प्रकृया ठिक रहा बाद में गौरी के अनुभहिनता के कारण चार शावक की मौत हो गयी। जैविक उद्यान में अभी बाघिन गौरी सहित छह बाघिन अनुष्का, लक्ष्मी, कावेरी, कृष्णा व ताप्षी और दो बाघ जावा व मलिक हैं।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
NEW TOWNSHIP, P.O. - SHAHPUR, MEDININAGAR, PALAMU (JHARKHAND) - 822110
(AN ENGLISH MEDIUM CO-ED. SENIOR SECONDARY SCHOOL)
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI | AFFILIATION NO. - 3430408
HEARTIEST CONGRATULATIONS!
OUR TOPPERS OF AISSCE (XII) - 2024
RANK 1 IN PALAMU — SANIYA FATMA (HUMANITIES) MARKS-94 %
RANK 2 IN PALAMU — AKANKSHA GUPTA (COMMERCE) MARKS-95 %
RANK 3 IN PALAMU — KUMARI AKANKSHA (SCIENCE) MARKS- 94.2 %
RANK 2 IN SCHOOL — AMAN KUMAR (SCIENCE) MARKS- 92.2 %
OUR TOPPERS OF AISSE (X) - 2024
UMA SHANKAR SINGH MARKS-95 %
SHREYASI RAJ MARKS- 94 %
PRABHAT RANJAN MARKS-94 %
JAYANT KUMAR GUPTA MARKS- 93 %
ABHINAV RAJ MARKS- 93 %
SKAND PANDEY MARKS-92 %
MAYANK KUMAR MARKS-92 %
VIKASH RANJAN MARKS-91 %
ADMISSION GOING ON : XI (2024 - 2025)
SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES
SCHOLARSHIP FOR SCHOOL TOPPERS UPTO 5TH RANK
For details contact : 06586-299990 | 9905302220 | 9905402220
www.opsdaltonganj.in | oxfordpsdaltonganj@gmail.com
(Dr. S.B.P. Mehta) Chairman    (Dr. A.K. Singh) Principal

# तेजस्वी आज आयेंगे झारखंड, चार चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजद के स्टार प्रचारक और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार 15 मई को झारखंड दौरे पर रहेंगे। यहां वो चार चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। तेजस्वी यादव 15 मई को दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में हाई स्कूल हंटरगंज में सभा करेंगे। इसके बाद 1.35 में हजारीबाग के कटकमसांडी स्थित छड़वा मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल, 2.30 बजे गिरिडीह के बेंगाबाद स्थित पेसरा टांड मैदान में झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो और कोडरमा के पांडियाडीह स्थित मधवाटांड पावर हाउस ग्राउंड में माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस बात की जानकारी पार्टी के महासचिव संजय प्रसाद यादव ने दी है।


**नाम परिवर्तन**

मैं दीपक सरकार पिता रविन्द्रनाथ सरकार, निवास स्थान सेंट्रल सौंदा, पो. सौंदा, थाना पतरातू जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पत्र संख्या 3208 दिनांक 19/04/2023 द्वारा घोषित किया गया है कि मेरी पत्नी का वास्तविक एवं सही नाम PINKI RANI SARKAR है। जो उसके आधार कार्ड सं0-3467 9154 3494 में एवं उसके पैन कार्ड FRCPS144F में भी दर्ज है। जबकि सेवा पुस्तिक में मेरी पत्नी का नाम PINKY RANI SARKAR दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम PINKI RANI SARKAR होना चाहिए। सेवा पुस्तिका में नाम सुधार हेतु मैं शपथ पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूं।

**नाम परिवर्तन**

मैं मुरत सिंह पिता स्व. तपसी सिंह, निवास स्थान सौंदा डी, पो. सौंदा, थाना पतरातू जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पत्र संख्या 4572 दिनांक 14/10/2022 द्वारा घोषित किया गया है कि मेरी पत्नी का वास्तविक एवं सही नाम GAYANTA DEVI है। जो उसके आधार कार्ड सं0-6295 5348 5849 में एवं उसके पैन कार्ड HRAPD2941D में भी दर्ज है। जबकि सेवा पुस्तिक में मेरी पत्नी का नाम GAYANTI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम GAYANTA DEVI होना चाहिए। सेवा पुस्तिका में नाम सुधार हेतु मैं शपथ पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूं।


गिरिडीह में मोदी का चला जादू, हर ओर जय श्रीराम के नारे, मांदर की थाप पर थिरक रहे थे लोग

# किसी भी गरीब के घर का चूल्हा बुझने नहीं देंगे और न बच्चों को भूखा सोने देंगे : मोदी

गिरिडीह से उदय कुमार

**रांची।** गिरिडीह के बिरनी प्रखंड स्थित पेशम में कोडरमा लोकसभा और गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं को साधने के उद्देश्य से पीएम मोदी की जनसभा आयोजित की गई। जिसमें पीएम मोदी को सुनने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभा स्थल से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर बने हैलिपेड पर पीएम नरेन्द्र मोदी हेलिकॉप्टर से पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से वे सभा स्थल पहुंचे। जहां मंच पर पहले से मौजूद केन्द्रीय राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज, पूर्व सांसद डॉ रविन्द्र राय व रवीन्द्र पांडेय, विधायक केदार हाजरा, निर्भय शहाबादी, नागेन्द्र महतो, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह, गांडेय विधानसभा से उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा, दिनेश यादव ने जोरदार तरीके से पीएम मोदी का स्वागत किया।



## रोटी, पक्का मकान, बिजली, नि:शुल्क देने का वादा

मोदी ने कहा कि पहले इलाज महंगा था जिसके कारण घर की मां और बहने बीमार पड़ने पर किसी को नहीं बताती थीं क्योंकि लेकिन अब घबराने की जरूरत नही है क्योंकि अब आपका बेटा फ्री में इलाज करायेगा। देवघर सहित कई जगहों पर एम्स अस्पताल बनवाया गया है। जहां लोगों को बेहतर ढंग से इलाज हो सके। उन्होंने कहा कि वे लोगों को मिट्टी के घर के बजाय पक्का मकान में देखना चाहते हैं। कहा कि अब तक चार करोड़ लोगों को पक्का मकान बनाकर दिया है और तीसरी बार सरकार में आने के बाद छुटे हुए सभी लोगों को पक्का मकान बनाकर दिया जायेगा। गिरिडीह हो या कोडरमा के लोग सभी को मोदी की गारंटी है कि उन्हें पक्का मकान मिलेगा। अपनी गारंटी के अनुसार लोगों को उज्जवला योजना के तहत रोशनी दी और देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त में आनाज मुहैया कराया। वे कभी भी किसी गरीब के घर का चूल्हा बुझने नहीं देंगे और न ही बच्चों को भूखा सोने देंगे।

### जनता ही मेरी सुरक्षा कवच और शक्ति

अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन के एक नेता ने उन्हें गोली मारने की बात कही थी, वे यहां आकर देखें कि उनका रक्षा कवच जनता है जो उन्हें शक्ति प्रदान करता है। आपका ये गरीब बेटा आपकी हर समस्या का दूर करने का काम करेगा और उसके लिए आपके आशीर्वाद की जरूरत है। पीएम ने उनके परिवार में किसी ने पंचायत तक का चुनाव नही लड़ा है। वे एक गरीब मां का बेटा है और चाय बेचते-बेचते यहां तक पहुंचे हैं। देश की जनता ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पहले जिन्हें पूछा नहीं जाता था उन्हें मोदी पूजता है।

### झारखंडी जोहार से संबोधन

पीएम मोदी ने भारत माता की जय और झारखंडी जोहार के साथ संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने झुमरी तिलैया के जिक्र के साथ जनसभा में कहा कि वे बचपन से ही झुमरी तिलैया का नाम सुनते रहे हैं। कहा कि उन्हें आने में देर जरूर हुई पर वे सभी के लिए बाबा काशी विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर आये हैं। कोडरमा और गिरिडीह वासियों के लिए मोदी ही मुख्य प्रत्याशी है इसलिए कोडरमा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी व गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी सीपी चौधरी को वोट देकर दिल्ली भेजें, ताकि दिल्ली में तीसरी बार आपके मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बन सके। इस दौरान उन्होंने गांडेय प्रत्याशी दिलीप वर्मा के लिए भी वोट की अपील की।

### कांग्रेस की सरकार में खनिजों का दोहण

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में खनिज संपदा का सिर्फ दोहन किया गया है, लेकिन उनकी सरकार आने के बाद कानून बनाया गया कि जिस जिले से मिनरल्स निकलेगा उसका एक हिस्सा उस जिले के लिए खर्च होगा। उन्होंने कहा कि कोडरमा के अबरख के बदले 1800 करोड़ दिया गया है। ये तभी संभव है जब एक संवेदनशील व्यक्ति के हाथ में सत्ता हो।

**जम कर वोटिंग का किया अह्वान** : इस दौरान उन्होंने लोगों से अहवान करते हुए कहा कि वे वृहत पैमाने पर मतदान करने के लिए घरो से निकले और सिर्फ लोकसभा को ही नही जितना है बल्कि हर एक बूथ को भी जितना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर मोदी के इस बात को पहुंचाने का भी अहवान किया।

**कई नेताओं ने किया संबोधित** : सभा को बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। सभी ने कहा कि जब से देश में मोदी की सरकार बनी है तब से देश में अमन व चैन कायम हुआ है। नेताओं ने कहा जब तक मादी पीएम हैं, तब तक देश में किसी भी आदिवासी, ओबीसी या एससीएसटी का रिजर्वेशन समाप्त नही किया जा सकता है।

**पारंपरिक वेशभूषा में लोग, नगाड़े की थाप पर थिरके** : मोदी के स्वागत में कई लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। मोदी का जादू उन पर चढ़ कर बोल रहा था। लोगों का उत्साह चरम पर था। मोदी की एक झलक पाने के लिए लोगों ने कड़ी धूप की भी परवाह नहीं की। महिलाओं के सिर पर एक लोटा था तो कुछ पुरूषों के हाथों में झारखंड का पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर और नगाड़ा भी था। जिसपर वे थिरक रहे थे। सभी पंक्तिबद्ध होकर नाच-गा रहे थे। पीएम को सुनने के लिए बड़ी संख्या वृद्ध महिलाएं भी मौजूद थीं।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

RC/164/2023

NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
DILIP KUMAR

To
(CD1)DILIP KUMAR
- 829117

(CD2)SHRI DILIP KUMAR
S/o Suresh Sahu R/o Village - Mandu Tola
Sewta, P.O. - Marar P.S. - Mandu District
Ramgarh - 82117-

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/406/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 5372999.00 (Rupees Fifty Three Lakhs Seventy Two Thousands Nine Hundred Ninety Nine Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **19/07/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **25/04/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 175 of 2022

BETWEEN
BANK OF INDIA, BARKAGAON BR., HAZARIBAGH ....APPLICANT BANK
VS.
DEO KUMAR RANA & OTHERS .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE)

RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | DEO KUMAR RANA S/O LATE MAHESH RANA | R/O - VILLAGE - SONPURA, P.O. - SANDH, P.S. - BARKAGAON, DIST. - HAZARIBAGH 825311 |
| 2. | SHANKAR KUMAR RANA S/O LATE MAHESH RANA | |
| 3. | GANESH RANA S/O LATE MAHESH RANA | |
| 4. | LAKHAN RANA S/O LATE MAHESH RANA | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 27,40,414.00/- (Rupees Twenty Seven Lakhs Forty Thousand Four Hundred Fourteen Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 11th day of June, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **15th day of April, 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR


# झारखंड की चुनावी सभा में बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे प्रधानमंत्री मोदी के शब्दकोश से गायब : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि गिरिडीह की जनता ने पूरी तरह से प्रधानमंत्री की सभा को नकार दिया। प्रधानमंत्री ने कई बातें अपनी चुनावी सभा में कही लेकिन मुद्दे की बात हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री के शब्दकोश से गायब रहे। बेरोजगारी और महंगाई से पूरे देश की जनता परेशान है। करोड़ों युवा रोजगार की आश में घूम रहे हैं। इसके बावजूद



प्रधानमंत्री की इतनी हिम्मत नहीं कि जनता की मुद्दों पर वो बात कर सके और अपने दस सालों का काम गिना सकें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पूछा कि 2014 में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने प्रचार अभियान में राज्य आईआईटी संस्थान और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का वादा किया था, लेकिन प्रधानमंत्री ये वादा भूल गए। प्रधानमंत्री ने कोडरमा में मेडिकल कॉलेज खोलने का भी वादा किया था लेकिन यह परियोजना भी साकार नहीं हुई। 2018 में इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री ने रखी थी और 2019 में इस परियोजना को पूरा करने का वादा किया था लेकिन इस गारंटी को भी प्रधानमंत्री भूल गए। यानी की मोदी की फर्जी गारंटी निकली।

## असम के मुख्यमंत्री की रजरप्पा, देवरी व चिरकुंडा में जनसभा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व सरमा बुधवार को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा डीएवी मैदान में सुबह 11 बजे से आयोजित जनसभा संबोधित करेंगे। वहीं, गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा के ब्लॉक मैदान-देवरी में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा धनबाद जिले के निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में 2.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## तारा शाहदेव प्रकरण : कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को हाई कोर्ट से मिली जमानत



**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने रंजीत सिंह कोहली की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत प्रदान कर दी। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 8 अक्टूबर 2023 को रंजीत कोहली की मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। साथ ही मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी। जबकि रंजीत कोहली को अंतिम सांसों तक जेल में रहने को लेकर उम्र कैद की सजा सुनाई थी। कोहली और उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की ओर से अपील में कहा गया है कि उन्हें आईपीसी की धारा 120 बी सह पठित धारा 376 (2एन) में सजा दी गई है। जब उनपर धारा 376 (2एन) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है तो 120 बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन तीनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है।

# 13 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का हुआ स्थानांतरण-पदस्थापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय रांची की अनुशंसा के आलोक में 13 जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सीबीआइ धनबाद को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो डाल्टनगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दुमका लक्ष्मण प्रसाद को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सत्र विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो चाईबासा के पद पर नियुक्त किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बोकारो योगेश कुमार सिंह को अपार न्याय आयुक्त सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो रांची के पद पर नियुक्त किया गया।

अध्यक्ष अपीलीय न्यायाधिकरण आरआरडीए रांची रमेश कुमार को पीठासीन पदाधिकारी श्रम न्यायालय जमशेदपुर के पद पर नियुक्त किया गया। राकेश कुमार को पाकुड़ से स्थानांतरित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश का विशेष न्यायाधीश सीबीआई धनबाद के पद पर नियुक्त किया गया। पोस्को एक्ट डाल्टनगंज के विशेष न्यायाधीश प्रेम नाथ पांडे को अगले आदेश तक प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय बोकारो बेरमो तेनुघाट के पद पर पदस्थापित किया गया।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गढ़वा संजीव कुमार सिंह को प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के पद पर नियुक्त किया गया। पास्को एक्ट लातेहारके विशेष न्यायाधीश अमित कुमार को अपर प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय गिरिडीह के पद पर नियुक्त किया गया। रंजीत कुमार को विशेष सचिव मंत्रिमंडल निगरानी विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया तथा उन्हें अध्यक्ष अपीलीय न्यायाधिकरण आदरणीय रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

वीरेंद्र कुमार तिवारी को विधि सलाहकार शाह पर सचिव ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के लिए सेवा ऊर्जा विभाग को दी गई राजीव रंजन को विशेष न्यायाधीश देवघर के पद पर नियुक्त किया गया प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पाकुड़ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाकुड़ एवं सरायकेला खरसावां के पद की शक्ति दी गई। कार्मिक विभाग ने इसके अधिसूचना जारी जारी कर दी है।

## खबर एक नजर में

### केजी से 8वीं तक स्कूल सुबह सात बजे से

**रांची।** कक्षा केजी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से पूर्वाहन 11:30 बजे तक चलेंगी। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया है। विभाग के संयुक्त सचिव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक, कक्षा 9वीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक संचालित की जाएंगी। गर्मी छुट्टी के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी।

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की बेल पर सुनवाई पूरी, हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। ईडी और योगेंद्र तिवारी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट जमानत पर क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा। इससे पहले रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट ने योगेंद्र को बेल देने से इनकार कर दिया था।

### आचार संहिता उल्लंघन को लेकर कांग्रेस और झामुमो मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिला

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं झाममो का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिलकर भाजपा द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि सिंहभूम के मंझारी प्रखण्ड, बालाजोरी, सोनुवा ब्लॉक, डुमरगाड़ी एवं सुरून्द, खूंटी में भाजपा का पोलिंग एजेंट चुनाव चिन्ह और मोदी फोटो वाला पर्ची लेकर लोगों को बांटा गया, जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है। झारखण्ड में और तीन चरणों का चुनाव अभी बाकी है। इसलिए निर्वाचन आयोग से हमारी मांग है कि इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो और जो इस तरह के काम किए हैं, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाय, ताकि लोकतंत्र में लोगों का भरोसा बना रहे।

### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज रांची-जमशेदपुर के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज बुधवार को रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। श्री वाजपेयी दोपहर 12 बजे सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा के नीमडीह, रघुनाथपुर के ब्लॉक ऑफिस के सामने महिला लाभार्थी सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। श्री वाजपेयी 2:30 बजे से ईचागढ़ विधानसभा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक पूर्व विधायक स्वर्गीय साधु चरण महतो के आवास स्थित वि. स. चुनाव कार्यालय में होगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। श्री वाजपेयी जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा की संयुक्त बैठक में शाम 5:00 बजे से शामिल होंगे। बैठक का आयोजन जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में किया गया है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़ (निर्वाचन शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-:: आदेश ::-

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक-18.05.2024 से दिनांक-21.05.2024 तक मैं, चंदन कुमार (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त, रामगढ़, लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निहित 22-बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (पतरातू भाग) एवं 23-रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 24-माण्डू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र(माण्डू भाग) अन्तर्गत अवस्थित कुल-456 मतदान केन्द्र भवनों का सम्पूर्ण परिसर उपस्कर सहित अधिग्रहण करता हूँ।

| क्र० सं० | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्रों की संख्या | मतदान केन्द्र भवनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | 22-बड़कागाँव विधानसभा (पतरातू भाग) | 221 | 112 |
| 02 | 23-रामगढ़ विधानसभा | 402 | 229 |
| 03 | 24-माण्डू (माण्डू भाग) | 229 | 115 |
| | कुल | 852 | 456 |

ह०/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.324800 Election(24-25):D


बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत के साथ काम करें अधिकारी-कर्मी

# कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर करें फोकस : सीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को कहा कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतरी तैयारी करें। हरेक मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण कराते हुए शहरी निकाय के मतदान केन्द्रों पर अच्छे मतदान के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों के साथ टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें। साथ ही बीएलओ और सुपरवाइजर भी घर-घर जाएं, मतदाताओं के बीच वितरण किए जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें। वहीं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें। शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने की पहल संबंधी कार्य में गति लाएं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें।



### वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा

सीईओ ने मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के 5वें, छठे व सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग और शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाने की पूरी योजना तैयार करें। मतदान के दिन और उसके पूर्व चुनाव जागरूकता के लिए जारी जिंगल्स और गानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। साथ ही माइकिंग के माध्यम से भी जाकरूकता सुनिश्चित करें। माइकिंग के लिए विस्तारित कार्ययोजना तैयार करें, ताकि मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने से वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होगा। उन्होंने माइक्रो लेबल पर कार्य करने पर बल दिया। मतदान केन्द्रों पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवहन की पूरी सुविधा देने, मतदान के दिन रीयल टाइम मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

### गायत्री शिक्षा निकेतन का 100 प्रतिशत रिजल्ट

**आदित्यपुर।** गायत्री शिक्षा निकेतन आदित्यपुर के कुल 230 बच्चों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में भाग लिया जिसमें सभी 230 बच्चे सफल हुए। रक्षा साहू ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का प्रथम टॉपर, मयंक पाणी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर एवं अभिषेक ज्योतिषी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बनकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के तीनों टॉपर आगे चलकर साइंस की पढ़ाई कर कुशल इंजीनियर बनकर समाज सेवा करना चाहता है तथा सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को देते हैं। शत-प्रतिशत सफलता के लिए विद्यालय के चेयरमैन इंजीनियर सत्य प्रकाश सुधांशु ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं कर्मठ शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामना दिये हैं।

### सुमो के निधन से डॉ दिनेश षाडंगी मर्माहत

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सह मंत्री डॉ दिनेश षाडंगी ने अपने घनिष्ठ मित्र और बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व डिप्टी सीएम नेता सुशील कुमार मोदी की कैंसर के कारण असामयिक मृत्यु से बेहद मर्माहत हैं। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि मोदी के आकस्मिक निधन की खबर जानकर बहुत स्तब्ध हूं। वह 1974 के छात्र आंदोलन के एक प्रमुख नेता व पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव थे, जिसके अध्यक्ष लालू यादव थे, हम सब साथ थे। डा षाडंगी ने अपने शोक संदेश में आगे कहा कि बिहार में विधायक और वह हमारे नेता थे, नंद किशोर यादव जी के साथ, वे बिहार झारखंड में भाजपा के दो मुख्य स्तंभ थे और युवा आइकन थे, उन्होंने उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री, सांसद, विधायक और एमएलसी के रूप में बिहार को महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की। सुशील मोदी का निधन मेरी लिए व्यक्तिगत क्षति है। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

### अन्वेषा को सीबीएसई 12वीं में 97 फीसदी अंक



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के अनीशा अग्रवाल और अनूप अग्रवाल की बेटी अन्वेषा केवलका ने सीबीएसई कक्षा 12वीं वाणिज्य स्ट्रीम बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वह जमशेदपुर की रहने वाली हैं और उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा तमिलनाडु के कोयंबटूर में चिन्मय इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल नामक बोर्डिंग स्कूल से की है। वह अपने भविष्य में एक्चुरियल साइंस को आगे बढ़ाने की इच्छा रखती हैं।

### ट्रस्ट ने चलाया एड्स जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट एवं ए एच एफ इंडिया केयर के तरफ से डॉ मनीष कुमार झा के द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान आज सरजामदा के दुमकागुडा क्षेत्र में किया गया। लोगों को बताया गया की यौन सुरक्षा कितना महत्वपूर्ण है और कैसे लोग एचआईवी एड्स एवं एसटीडी जैसे रोगों से बच सकते हैं एवं जनसंख्या को नियंत्रित कर कैसे देश के विकास के लिए भागीदार बन सकते हैं। इंडिया केयर की तरफ से लोगों को निशुल्क कंडोम बांटा गया।

### मनोज और कुसुम ने भाजपा के लिए मांगे वोट

**जमशेदपुर।** नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री बिद्युत वरण महतो के पक्ष में विभिन्न स्तरों पर जनसंपर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में पोटका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोवाली मंडल के विभिन्न गांवों में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसमें भाजपा एसटी मोर्चा के महामंत्री मनोज कुमार सरदार, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति एवं सूरज मंडल भी थे।

# गांव और शहर में समान रूप से जनसंपर्क कर रहे झामुमो प्रत्याशी समीर महंती

■ झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्यी ने वार रुम की कमान अपने हाथ में ली







सुप्रियो भट्टाचार्य ने बंग समाज के साथ झामुमो प्रत्याशी समीर महंती की करायी बैठक, झामुमो के रणनीतिकार सुप्रियो भट्टाचार्य और मऊ भंडार गुरुद्वारा में सिख समुदाय को संबोधित करते हुए समीर महंती।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रणनीतिकार सुप्रियो भट्टाचार्य ने सिंहभूम सीट पर वोट होने जाने के बाद अब मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर जमशेदपुर सीट पर पार्टी की स्थिति सुदृढ़ कर जीत सुनिश्चित करने के लिए वार रुम की कमान अपने हाथ में ले ली है। सुप्रियो दा के कमान संभालने के बाद अराजक सा दिख रहा झामुमो का चुनाव प्रचार आज से सुव्यस्थित रुप से चलने लगा है।

सुप्रियो भट्टाचार्यी ने झामुमो प्रत्याशी समीर महंती एवं जिले में पार्टी के तीन अन्य विधायकों को पूरी ताकत से अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार में जुटने का सख्त निर्देश दिया है। उनकी रणनीति के अनुसार समीर महंती अपना चुनाव प्रचार गांव और शहरी क्षेत्र में साथ-साथ चला रहे हैं। सुप्रियो भट्टाचार्यी शहर में विभिन्न समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए अलग से टीम को सक्रिय किया है और इसके परिणाम आने शुरु हो गए हैं।

झामुमो इस बार आदिवासी, मुस्लिम और सिख वोटरों पर विशेष फोकस कर रहा है। इसके अलावा पिछड़ी जाति से भी वोट तीर-धनुष छाप पर गिराने के लिए उनके बीच संपर्क किया जा रहा है।

**मऊभंडार गुरूद्वारा में मत्था टेक समीर ने शुरु किया जन संपर्क**

जमशेदपुर लोकसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा (इंडिया महागठबंधन) के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंती ने मंगलवार को जनसंपर्क अभियान की शुरूआत घाटशिला के मऊभंडार स्थित गुरूद्वारा में माथा टेक कर किया। वहां उन्होंने घाटशिला के विधायक श्री रामदास सोरेन के साथ मिल कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि हेतु प्रार्थना किया। इस दौरान गुरूद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा उनका शानदार स्वागत किया गया। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर/प्रसाद ग्रहण कर के कहा - आज गुरूद्वारा में माथा टेक कर दिल को काफी सकून मिला। गुरूद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा किए गए शानदार स्वागत के लिए आभार। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें सिख समाज का समर्थन मिल रहा है।

इस अवसर पर गुरूद्वारा कमिटी के प्रधान हरभजन सिंह, चेयरमैन गुरुबचन सिंह, परमजीत सिंह, मनोज सिंह, कुलदीप सिंह, सरदार तीलोचन सिंह, श्री इकवाल सिंह, श्री जसबीर सिंह, श्रीमती सुरेंदर कौर समेत बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**मां तारिणी की शरण में पहुंचे समीर मोहंती**

घाटशिला प्रतिनिधि के अनुसार जमशेदपुर लोकसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती आज घाटशिला के मां तारिणी मंदिर (तुबानडूंगरी) में पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर के क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए समीर मोहंती ने कहा कि मां तारिणी की कृपा एवं उनके आशीर्वाद से इस क्षेत्र के निवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का पूरा प्रयास करूंगा।

# 85 से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांगों का होम वोटिंग शुरू

›› मतदाताओं के घर पहुंच रही पोलिंग टीम







**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओं (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे हैं। घाटशिला प्रखंड के मसांग टुडू, जिनकी बूथ संख्या 188 है, उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गौरतलब है कि सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85+ आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण में 14-19 मई तक एवं दूसरे चरण में 21-22 मई तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जायेगा। इसी क्रम में मतदान कर्मी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करा करा रहे हैं।

बता दें कि 09-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु होम वोटिंग की प्रक्रिया आज से शुरू है। 226 मतदाताओं ने होम वोटिंग हेतु आवेदन किया था। सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85+ आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण में 14-19 मई तक एवं दूसरे चरण में 21-22 मई तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जायेगा।

## राज्य को ठगबंधन के भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का समय आ गया है : कौशिक

■ झारखंड की जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में चुनाव प्रचार की बनी कार्ययोजना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने झारखंड में चुनावी कमान संभाल ली है। इसी क्रम में, मंगलवार को जमशेदपुर के एक होटल में में परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा बिल्हा से वरिष्ठ भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में चुनाव प्रचार की कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं से जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम व जनसंपर्क का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा और लोकसभा चुनाव झारखंड को कांग्रेस एवं मुक्ति मोर्चा के भ्रष्टाचार, परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि एक राज्य का सीएम भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद है।

## को-ऑपरेटिव कॉलेज व एलबीएसएम कॉलेज में ईवीएम की कमिशनिंग शुरू

■ सामान्य पर्यवेक्षक व डीसी ने किया कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण

■ आयोग के गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए कमिशनिंग किए जाने के दिये निर्देश



को-ऑपरेटिव कॉलेज निरीक्षण करने जाते सामान्य पर्यवेक्षक के शिव कुमार नायडु और डीसी अनन्य मित्तल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 09- जमशेदपुर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडु एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनन्य मित्तल ने को-ऑपरेटिव कॉलेज पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। को-ऑपरेटिव कॉलेज में 47-जुगसलाई, 48 जमशेदपुर पूर्वी व 49 जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आगामी 25 मई को मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षित अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी से निगरानी का भी जायजा लिया तथा 24 गुणा 7 सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये। इसके पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एलबीएसएम कॉलेज में ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया।

## बैकुंठ शुक्ल के बलिदान का राष्ट्र ऋणी रहेगा : अमरप्रीत सिंह काले

नमन परिवार ने बैकुंठ शुक्ल को दी श्रद्धांजलि

ः फोटो काले,कैप्सन : अपने उद्गार व्यक्त करते समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सेनानी बैकुंठ शुक्ल के बलिदान दिवस पर प्रत्येक वर्ष की भांति नमन परिवार द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में महिलाओं, युवाओं एवं कई गणमान्यों की उपस्थिति में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शहीद बैकुंठ शुक्ल के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी शहीद बैकुंठ शुक्ल के बलिदान का कृतज्ञ राष्ट्र ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज गरीब असहाय लोगों ककी पीड़ा को समझना और उसके निराकरण के लिये यथा संभव प्रयास करना ही ऐसे वीरों के सपनों को पूरा करने में अपनी भूमिका अदा करते हुए उन्हें दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि है। हम सभी संयुक्त प्रयास से इसे पूरा कर सकते है।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने अपने विचार रखते हुये कहा कि महान क्रांतिकारी बैकुंठ शुक्ल ने देश को

## एबीएम कॉलेज में मेधाविता सम्मान समारोह संपन्न,मेधावी छात्र पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एबीएम महाविद्यालय के प्रांगण में स्वीप कोषांग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शत प्रतिशत मतदान हेतु संगोष्ठी सह मेधाविता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। संगोष्ठी विषय विश्व इतिहास के आईने में मताधिकार विषय पर अपने विचार रखते हुए आयोजन के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन डॉ. विजय कुमार 'पियूष' ने संपूर्ण वैश्विक ऐतिहासिक पटल को मताधिकार के प्रसंग में विस्तार पूर्वक उल्लेखित कर मताधिकार के प्रयोग को जन-जन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## हैट्रिक लगाने के लिए मतदाताओं का आशीर्वाद मांग रहे विद्युतवरण

■ कहा-झारखंड की दुर्गति करने के बाद अब इंडि वालों की नजर केंद्र पर







मतदाताओं से जन संपर्क करते भाजपा प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह एनडीए प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को बिद्युत ने लोकसभा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से सीधा संवाद किया और समर्थन की अपील की। बिद्युत ने प्रातः काल एग्रिको मैदान में एग्रिको हेल्थ एसोसिएशन के समर कैंप, गोलमुरी मंडल अंतर्गत गाढ़ाबासा, मथुरा बागान, सोनारी मंडल के विभिन्न क्षेत्र, मानगो मून सिटी एवं शंकोसाई रोड नंबर 1 से 5 तक पदयात्रा कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए समर्थन और आशीर्वाद मांगा। इस दौरान पार्टी के कई वरीय नेताओं के संग कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे। सांसद ने लोगों से 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने और ईवीएम क्रम संख्या 2 पर बटन दबाकर भाजपा को समर्थन देने की अपील की। जनसंपर्क के तहत नारेबाजी करते हुए कार्यकताओं ने केंद्र की मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों एवं सांसद बिद्युत महतो के द्वारा जमशेदपुर लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गए विकास कार्यों से संबंधित पत्रक भेंटकर लोगों को जागरूक किया। वहीं, जनसंपर्क के तहत सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की चिंता की है। आज गरीबों को पक्की छत के साथ, राशन, बिजली, गैस चूल्हा, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना, नल से जल आदि योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिला है।

## एक नजर में

### दिव्यांगों को मिले टोपी, कोल्ड ड्रिंक, नाश्ता पैकेट

**जमशेदपुर।** नेत्रहीन दिव्यांगों के बीच अमिय चरण खुटिया सेवा संस्थान की ओर से भीषण गर्मी से राहत के लिए टोपी, शीतल जल, कोल्ड्रिंक्स, केक, नाश्ता शरबत आदि बांटा गया। उक्त कार्यक्रम साकची स्थित जय मां मनसा जय मां दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। मौके पर नेत्रहीन बच्चों द्वारा सुंदर भजनों का भी शानदार प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय मां मनसा जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति के पूजा दीदी एवं बादल भाई, विजय भाई तथा संस्था के अध्यक्ष बबलू कुंटीया, महासचिव संतोष दास, कोषाध्यक्ष सरत राउत, सलाहकार सुनील मांझी आदि थे।

### आर्किड अपार्टमेंट में समर कैंप का समापन



**जमशेदपुर।** आर्टेक्स आर्ट क्रिएशंस शिवम शिल्प कला केंद्र के अंतरगत सोनारी स्थित आर्किड अपार्टमेंट के क्लब हाउस में चार दिनों के समर कैंप का समापन मुख्य अतिथि व युवा के फाउंडर समाज सेवी सह शिक्षक अरविंद तिवारी, मनोरमा देवी, सीमा सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। आर्टेक्स क्रिएशंस की संचालिका सह समाज सेविका मधु सिंह ने बताया कि बच्चों ने इन चार दिनों में मस्ती के साथ कलात्मक वस्तुओं का निर्माण सीखा, खेल कूद, योगा का आनंद लिया, अच्छे आचरण के बारे में सीखा एवम पर्यावरण आदि को जानकारी भी ली। आज अंतिम दिन सुमित डिलाइट की संगीता कुमारी ने बच्चों को चॉकलेट केक लाइव बना कर सिखाया और बच्चों में वितरित भी किया। गर्मी की तपिश से राहत और छुट्टियों को और रोमांचक बनाने के लिए यह बच्चों को एक उपहार स्वरूप था। विभिन्न केटेगरी में बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों ने समर कैंप को लेकर उम्मीद दिखाई की अगले साल फिर समर कैंप का आयोजन हो। मधु सिंह ने सभी मेहमानों, माता पिता और बच्चों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### बीएसीइटी में 3 डी प्रिंटिंग का भविष्य पर वेबिनार



**जमशेदपुर।** बीए अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में 14 मई 2024 को भारत के परिक्षेप्य में 3-डी प्रिंटिंग का भविष्य के विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। इसके मुख्य वक्ता, ताइवान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी के 3-डी प्रिंटिंग रिसर्च सेंटर में रिसर्चफेलो भारतीय युवा ऋतिक राज थे। ऋतिक राज बीए कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग 2014, 2018 बैच के एलुमनी है। इसका आयोजन कॉलेज के फ्यूचर स्किल अकैडमी के द्वारा आयोजित किया गया। श्री ऋतिक राज ने 3 डी प्रिंटिंग करने के विभिन्न तरीकों को अच्छे तरह से बताया। इसका उपयोग भारत के अलग अलग क्षेत्र जैसे कृषि, शिक्षा, स्पेस, मैन्युफैक्चरिंग, लैटिस स्ट्रक्चर, सेल्यूलर स्ट्रक्चर आदि में कैसे हो रहा है और भविष्य में और कैसे उपयोग किया जा सकता है, इसको विस्तृत रूप से वर्णन किया। भारत में 3 डी प्रिंटिंग से अबतक क्या क्या क्या उपयोग किया गया है , इसको भी प्रकाशित किया। इस मौके पर बिहार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट श्री बी एन चौधरी ने कॉलेज के एलुमनी श्री ऋतिक राज को बहुत बधाई दी तथा उनके उच्च सफलता पे अपार हर्ष वयक्त किया। कॉलेज के चैयरमैन डा० श्री शिव कुमार सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया और कॉलेज के एलुमनी ऋतिक राज के सफलता पर प्रसन्नता वयक्त किया।इस कार्यक्रम का संचालन फ्यूचर स्किल अकैडमी कि कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर इरफा परवीन ने किया ।इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या डा० प्रत्यंचा प्रसाद ने छात्रों को इस तरह के सेमिनार/वेबीनार में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया तथा समझाया की इस तरह के सेमिनार छात्रों के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। कार्यकर्म में सभी प्रोफेसर भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन असिटेंट प्रोफेसर जिज्ञासा पगारिया ने किया।

### साकची में माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर पप्पू सरदार ने वोटरों को किया जागरूक



**जमशेदपुर।** धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का जन्म दिन उनके प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश के साथ मंगलवार को साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया गया। मतदान जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के संदेश लिखे बैनर व पोस्टर सहित आकर्षक मिट्टी से बनी कई मूर्ति से दुकान को पाट दिया गया हैं। प्रथम दिन मंगलवार की शाम माधुरी की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा दुकान में भगवान श्री गणेश जी की पूजा की जायेगी। भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा भी वोट देने के लिए जागरूक कर रही हैं। रात 9 बजे मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश लिखे पोस्टर के साथ आदिवासी समाज की महिलाओं द्वारा सरहूल नृत्य किया गया। रात 10.30 बजे केक कटिंग का कार्यक्रम हुआ। मंगलवार को दिन भर मतदान जागरूकता संदेश लिखे पोस्टरों के साथ सेल्फी लेने की खासकर महिलाओं एवं युवतियों में होड़ लगी रही। जमशेदपुर में 25 मई शनिवार को लोकसभा का चुनाव होगा, तब तक मतदाता जागरूकता संदेश दुकान में लगे रहेंगें।

**निःशुल्क चाट वितरण आज :** दूसरे दिन बुधवार सुबह 10 बजे करनडीह स्थित चेशायर होम में रहने वाले दिव्यांगों (विशेष लोगों) को भोजन कराकर और उपहार देकर उनके साथ माधुरी की जन्मदिन की खुशियां बाटेगें। हर साल की तरह इस साल भी 15 मई बुधवार की संध्या में नि:शुल्क चाट का वितरण किया जायेगा। मालूम हो कि पिछले 28 सालों से हर वर्ष माधुरी का जन्मदिन मनाते आ रहे शहर के पप्पू सरदार की माधुरी की भक्ति के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहचान बन चुकी है। इसे सफल बनाने में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कई शुभचिंतकों का सहयोग प्राप्त हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### विधायक की पहल पर मृतक का शव लाने को सरकारी मदद का कार्य पूर्ण



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के पंचायत पिपराखुर्द के महरजा निवासी वशिष्ठ मेहता के पुत्र नितेश की आकस्मिक मौत कांचीपुरम, तमिलनाडु में हो गयी थी। मुखिया शैलेश सिंह से सूचना मिलने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने पलामू उपायुक्त से बात करने के बाद विधायक के निर्देश पर उनके निजी सहायक सरोज चटर्जी ने श्रम अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर शव मंगाने हेतु सरकारी सहायता की सभी कागजी कार्रवाई पूर्ण करायी गयी। पिता को शव लाने हेतु सरकारी लाभ का भुगतान करा दिया गया है। जल्द शव पैतृक गांव पहुंचेगा। विधायक ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान मृत आत्मा को शांति प्रदान करें।

### सुशील मोदी को दी गयी श्रद्धांजलि



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर मंगलवार को आरसीआईटी कॉलेज परिसर में शोक सभा हुई। जिसमें दिवंगत भाजपा नेता के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सुशील मोदी का निधन भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनकी कमी पार्टी को हमेशा खलेगी। शोक सभा में दामोदर यादव, मनोरंजन गुप्ता, विमल चंद्रवंशी, सुनिल चौधरी, उदय दुबे, राधेश्याम विश्वकर्मा सहित भाजपा के कई लोग मौजूद थे।

### युवक की गुमशुदगी का मामला दर्ज




**विश्रामपुर (पलामू)।** छिपादोहर के चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा राकेश मिश्रा उर्फ मोनू (25) पिछले पांच दिनों से लापता है। डब्लू ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। कहा है कि दस मई को वह घर से निकाला था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। हर संभावित जगह तलाशने के बाद भी जब कोई पता नहीं चला, तो मामला दर्ज कराया गया। मोनू बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा का भतीजा है।

### युवा पीढ़ी को आधुनिकता की ओर बढ़ने से समाज में अलगाव : ओंमकार



**मेदिनीनगर।** बचपना सबको मिलती है, जवानी किसी किसी को, बुढ़ापा बड़ी नसीब वालों को मिलती है इसलिए बुजुर्गो का आदर करना हम सबों का पहला कर्तव्य है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे पांकी के ग्राम नवागढ़ में मारुति नंदन यज्ञ हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रवचन के उद्घाटन करने के बाद लोगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के युवा पीढ़ी नई प्रवेश में आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं और इससे परिवार, संयुक्त परिवार, समाज और सगे संबंधी से अलगाव उत्पन्न हो रहा है जो चिंता का विषय है। श्री जायसवाल ने कहा कि धर्म हम सभी को सीखना है कि आपस में प्रेम और सहयोग देकर समाज को सही दिशा प्रदान करें। कुछ लोग अपना वोट की राजनीति के चक्कर में समाज को बांटना चाहते हैं परंतु समाज में रहने वाले समझदार लोग इस समाज को एकता की परिभाषा देकर समाज को बांधे हुए हैं । इस अवसर पर श्री जायसवाल ने प्रवचन कर्ता को माला पहनकर और दीप प्रज्वलित का प्रवचन कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस अवसर पर यज्ञ कमेटी के महादेव साव, सुनील कुमार चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार, बाबूलाल साहू, करीम साहब, मंटू कुमार, नागेंद्र कुमार पाठक, नागेंद्र भुईयां, मदन भुईयां के अलावा काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### लिलिपुट में समर कैंप 18 से : रेणु गोयल



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैंप लगाया जायेगा। इसकी जानकारी स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने दी। बताया कि लगातार 15 वर्षों से लिलिपुट स्कूल में समर कैम्प लगाया जा रहा है। यह कैंप 18 मई दिन शनिवार से शुरू हो रहा है जो 28 मई को समाप्त होगा। इस कैंप में 3 वर्ष से ऊपर के बच्चे भाग ले सकते हैं जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। प्राचार्या ने कहा कि बड़े शहरों की तरह अपने शहर के बच्चे भी इस भीषण गर्मी में भी आंनद ले सकेंगे। कैम्प में कुछ सीखने के साथ साथ बच्चे मस्ती करने आते हैं जिसका भरपूर ध्यान रखा जाता है। इस वर्ष भी बहुत सारी एक्टिविटीज रखी गयी हैं जिसमें डांस, सेल्फ रिलायंस कोर्स, स्केटिंग, श्लोक रेसीटेशन, फाइल मेकिंग, वाटर फन, आर्ट एंड क्राफ्ट, पपेट मेकिंग एंड शो, कुकिंग विदाउट फ्लेम, पूल पार्टी, फिल्म, स्क्वेंजर हंट, क्विज प्रतियोगिता इत्यादि ये सब शामिल हैं। इस कैंप का मुख्य आकर्षण शहर के जाने माने कलाकार सैकत चटर्जी द्वारा स्टैंड अप कॉमेडी रहेगा। इसमें फायर सेफ्टी ड्रील एंड ट्रैफिक रूल्स इनके ऑफिसर्स द्वारा सिखाया जायेगा। स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया इस कैम्प में बच्चों को लाने और ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रेस वार्ता में रश्मि हिम्मतरामका, मन्नत सिंह बग्गा, फलक, श्याम तिवारी मौजूद थे।

### 10वीं-12वीं में एमके डीएवी का शानदार प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इसमें एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12वीं का परीक्षा परिणाम 71.9 प्रतिशत रहा, जबकि 10वीं का 100 प्रतिशत रहा। 12वीं विज्ञान का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.93 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12वीं विज्ञान के कुल 145 में से 142 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिसमें 131 प्रथम श्रेणी से पास हुए, जबकि 65 ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया। वाणिज्य के सभी 57 छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि 38 छात्रों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल 12वीं कला संकाय के विद्यार्थी पलामू प्रमंडल में टॉपर

- वाणिज्य में द्वितीय एवं विज्ञान संकाय में तृतीय स्थान पाये
- अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान : निदेशक व प्राचार्य



सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ एके सिंह व अन्य शिक्षक और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते प्राचार्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पलामू के बारहवीं की छात्राएं सानिया फातिमा, आकांक्षा गुप्ता एवं कुमारी आकांक्षा सीबीएसई 2024 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पलामू प्रमंडल में टॉपर बनी। कला संकाय में सानिया फातिमा राजनीति में 99, अंग्रेजी में 95, इतिहास में 92, मनोविज्ञान में 96 एवं अर्थशास्त्र में 88 अंकों के साथ 94 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही।

वाणिज्य संकाय में आकांक्षा गुप्ता पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, व्यावसायिक अध्ययन में 94, लेखाशास्त्र में 95 एवं अर्थशास्त्र में 90 अंकों के साथ 95 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में द्वितीय स्थान रही। विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, रासायण शास्त्र में 92, जीवविज्ञान में 95 एवं हिंदी में 90 अंकों के साथ 94.2 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के कुल 33 विद्यार्थियों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सानिया फातिमा द्वारा बेहतर प्रदर्शन द्वारा पलामू प्रमंडल टॉपर बनना विद्यालय, शिक्षक, प्राचार्य व अभिभावकों के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के निदेशक डॉ एसबीपी मेहता एवं प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

कहा कि अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है। शिक्षकों, अभिभावकों और प्राचार्य के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। अभिभावकों को संबोधित कर कहा कि आपका सतत सहयोग हमें नये कीर्तिमान गढ़ने पर प्रेरित करते हैं। भविष्य में ऑक्सफोर्ड स्कूल राज्य स्तरीय प्रदर्शन में सफल रहे ऐसा सराहनीय और संयुक्त प्रयास हम सबका होना चाहिए। विद्यार्थियों का परीक्षाफल उत्साहवर्धक है, जिसका श्रेय सभी विद्यार्थियों के कठिन मेहनत, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग को जाता है।

# सकुशल लौटे सभी मतदानकर्मी प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में

- तेज हुई सभी प्रत्याशियों की धड़कनें, उल्टी गिनती शुरू
- प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला चार जून को होगा



मतदान कराकर सुरक्षित लौटते मतदानकर्मी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव का मतदान 13 मई को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिला प्रशासन ने जिले के दुर्गम क्षेत्र जो नक्सल प्रभावित माना जाता है वहां पर मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर द्वारा बूथों पर भेजा गया। जिले के सभी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं सामान्य बूथों से मतदानकर्मी सकुशल इवीएम लेकर वापस स्ट्रांग रूम पहुंचे। इनके चेहरे पर खुशी की मुस्कान झलक रही थी। सभी मतदानकर्मियों ने देर रात्रि तक जीएलए कॉलेज परिसर में बने स्ट्रॉंग रूम में अपना अपना इवीएम जमा कर घर लौटे। वहीं दूसरी ओर कुछ मतदान केंद्र के कर्मी मंगलवार को भी इवीएम जमा किये। इस प्रकार मतदाताओं का मत इवीएम में कैद होकर स्ट्रॉंग रूम में बंद हो गया। वहीं मत इवीएम में कैद हो जाने के कारण सभी प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई है। कयासों का बाजार गर्म हो गया है। चुनाव मैदान में मुख्य रूप से दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला माना जा रहा है। जो अपने अपने गणित आंकड़े के अनुसार जीत के दावा कर रहे हैं।

# भाजपा के बीडी राम और राजद के ममता भुइयां ने किया जीत का दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पलामू संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान किया गया। जहां मतदाताओं ने काफी उत्साह के साथ मतदान किया। पलामू में 62.8 प्रतिशत मतदान किया गया। जिले के सभी बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान किया गया। भाजपा प्रत्याशी बीडी राम व राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर घूम घूमकर मतदान का रूझान लिया। मतदाताओं के रूझान से दोनों प्रत्याशियों ने अपने अपने जीत का दावा किया है। इस आधार पर दोनों प्रत्याशियों ने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व सांसद बीडी राम ने जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार मतदाताओं ने जो उमंग दिखाया है उसके लिए वे कृपापात्र हैं। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता ने देशहित व राष्ट्र निर्माण को लेकर वोट किया है। केंद्र सरकार के विकास को देखकर जनता उत्साहित है।

**दोनों प्रत्याशियों ने मतदाताओं के प्रति जताया आभार**





उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में किये गये कार्यों के आधार पर जनता को भाजपा को पसंद करते हुए केंद्र में पुन: नरेद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान किया है। निश्चित रूप से जनता का एक एक आशीर्वाद प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूती प्रदान करेगा। वहीं राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार पलामू संसदीय क्षेत्र से घर की बेटी चुनाव लड़ रही है। जिसे देखते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया है। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर यह प्रतीत होता है कि 10 वर्ष के बाद पहली बार इंडिया गठबंधन के झोली में पलामू संसदीय सीट होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता आक्रोश में मतदान किया है। जिसका फल मुझे मिलेगा।

### एसपी कार्यालय के प्रधान लिपिक ने किया रक्तदान



**मेदिनीनगर।** एसपी कार्यालय के प्रधान लिपिक संजीव रंजन ने रक्तदान कर चैनपुर की महिला दुदन देवी की जान बचाई। मालूम हो कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसियारा के दिव्यांग निरज प्रसाद की माता दुदुन देवी गंभीर बीमारी से ग्रसित थी। उन्हें एक बोतल खून की आवश्यकता थी। महिला के पुत्र नीरज ने पुलिस अधिक से एक बोतल खून की सहायता हेतू अनुरोध किया। इसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रयास से एक यूनिट ब्लड प्रधान लिपिक संजीव ने दुदुन देवी को प्रदान किया। इस कार्य के लिए महिला समेत उसके पुत्र ने प्रधान लिपिक को बधाई दी है।

# घर में घुसकर महिला के साथ अभद्र व्यवहार, पति और बेटा को भी पीटा

- भुक्तभोगी ने थाना में की लिखित शिकायत
- आरोपियों पर शराब की नशा में पिटाई करने का आरोप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोटिनीय गांव में एक घर में घुसकर महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने और पति और बेटा को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। शिकायत में भुक्तभोगी ने कहा है कि बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे गांव के ही नागेंद्र उपाध्याय मेरे घर में घुसकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। जब मैं जोर से चिल्लाई तो मेरे पति शंभू शर्मा आये तो इसी क्रम में नागेंद्र उपाध्याय का भाई रविंद्र उपाध्या, बजेंद उपाध्या मेरे पति और मुझे लाठी डंडे से पीटने लगे बीच बचाव करने पर मेरे बेटे को पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके पूर्व भी नागेन्द्र उपाध्याय मेरेभतीजे पर जानलेवा हमला किया था। नागेंद्र उपाध्या ने भी थाना में लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि शंभु शर्मा अक्सर शराब पीकर गाली गलौज करता है।

# मसीहानी के पास फोरलेन पर भीषण सड़क हादसा, एक की दर्दनाक मौत

- एनएचआई की मनमानी के खिलाफ की जाये कार्रवाई : अरविंद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर पलामू।** अहले सुबह मसिहानी के पास फोरलेन सड़क पर सड़क दुर्घटना में मसीहानी निवासी बिजेंद्र उरांव (40) की दर्दनाक मौत हो गयी है। यह घटना गलत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे हाइवा गाड़ी की चपेट में आने से घटी। बिजेंद्र अपने लूना गाड़ी पर सवार थे। आक्रोशित लोगों ने घंटों फोरलेन सड़क को जाम किया और मुआवजे की मांग की। इस दौरान दोनों तरफ से वाहनों की कई किमी लंबी कतारें लग गयी। सड़क जाम के दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन भी घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों परिजनों को ढाढ़स बंधाया। इस घटना पर दुख व्यक्त किया। फोरलेन सड़क निर्माण से पहले ही एनएचआई को लिखित रूप से ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर मांग की थी कि इस जगह पर अंडरपास बनायी जाये, लेकिन एनएचआई की मनमानी से अंडरपास नहीं बनवाया जा सका।

### सुमो का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति : अजय गुप्ता



**हुसैनाबाद पलामू।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता के सुशील मोदी के मृत्यु पर हुसैनाबाद भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा सर्वगीय मोदी केवल बिहार के नेता नही बल्कि भाजपा परिवार की रीढ़ थे। उनके असमायिक मौत से संगठन के साथ साथ परिवार को व्यक्तिगत क्षति हुई हैं, वे अपने जीवन मे विद्यार्थी परिषद से लेकर भाजपा के कई वरीय सांगठनिक कार्यो को निर्वाहन करते हुए राष्ट के समर्पण में अपना योगदान दिया था। विदित हो कि हाल ही उन्हें बिहार से राज्यसभा सांसद के रूप चुना गया था लेकिन पिछले कई माह से वे गला में कैंसर जैसे असाध्य बीमारी से ग्रसित थे जिनका 13 मई को निधन हो गया।

# शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है यह रिजल्ट : अविनाश देव

- संत मरियम स्कूल के बच्चों ने वर्ग 10वीं और 12 वीं में लहराया परचम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई ने वर्ग 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित किया। डाल्टनगंज स्थित संत मरियम स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में शानदार परिणाम हासिल किया। 12वीं में कुल 93 वहीं दसवीं में कुल 374 बच्चों ने भाग लिया था। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। 12वीं वाणिज्य में अमित गुप्ता 91.2%, रुचि कुमारी 85.6% विद्यालय टॉपर रहे। 12वीं विज्ञान (जीवविज्ञान) में अंजली सिंह 95%, आकांक्षा भारती 93.4%, प्रतीक्षा कुमारी 92.8%, अंसु कुमारी 86.8%, प्रिया कुमारी 85% और झलक राज 82% टॉपर रहे। 12वीं विज्ञान (गणित) में अंकित राज 93.4%, सुजल गुप्ता 92.6%, अंगद सिंह 88%, रश्मि कुमारी 84.2%, आयुष रंजन त्रिपाठी 83.8%, अभिजीत सोनी 83.2%, किसलय कौशल 82.4%, दिव्यांश अमृत 80.6% शीर्ष छात्र रहे। स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने परीक्षा परिणाम बेहतर होने का श्रेय स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों के संयुक्त परिश्रम को दिया है।

### निगम के सभी पार्को की सुरक्षा सुविधा की जांच हो : अभिषेक सिंह

- गांधी मैदान पार्क में बच्चे के चोटिल होने के बाद झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेलवाटिका स्थित गांधी मैदान पार्क में झूले से गिर कर एक बच्चा चोटिल हो गया। उसके सिर और हाथ में चोट आयी है। जिसके बाद झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने निगम के ठेकेदार और निगम के पदधारियों पर हमला बोला। श्री सिंह ने कहा कि गांधी मैदान में हुई घटना कोई असामान्य घटना नहीं है। पार्क में हमारे घर परिवार के छोटे बच्चे झूला झूलते हैं। ऐसे में असुरक्षित झूलों का होना भयावह है। पार्क बने अभी साल भर भी नहीं हुआ है। गांधी मैदान पार्क हो या कहीं अन्य जगह बना पार्क, सभी जर्जर हैं। मरीन ड्राइव की सीढ़ियां, रेलिंग और बेंच भी बहुत निम्न स्तर के हैं जो टूटने लगे हैं। शहर में लगी सभी लाइटें फ्यूज हो चुकी हैं। ऐसे में ठेकेदार पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### जीजीपीएस स्कूल के 10वीं-12वीं के बच्चों का परचम



**मेदिनीनगर।** जीजीपीएस स्कूल जमूने के 12वीं के बच्चों ने सीबीएसइ के परीक्षाफल में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शत प्रतिशत छात्रों ने सफलता अर्जित की है। विज्ञान संकाय में शामिल दो दर्जन विद्यार्थियों में से तीन को छोड़कर सभी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। वाणिज्य संकाय में शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। 10वीं की परीक्षा में 233 विद्यार्थी शामिल थे। जिसमें 228 ने सफलता अर्जित की। अंकित राज ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा। अस्मित राज 94.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान व पूर्वी कुमारी 94.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय के संरक्षक इंदर सिंह नामधारी व प्राचार्य पार्थ प्रतिम गुप्ता ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। शिक्षक अनुज पाठक, वाणिज्य शिक्षक विजय पांडेय ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

## ज्ञान निकेतन के विद्यार्थियों ने 10वीं-12वीं में लहराया सफलता का परचम

# जन्नत कुमार बना प्रमंडल टॉपर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन स्कूल का सी०बी०एस०ई० 10वीं का बोर्ड रिजल्ट पूर्व की तरह एक बार फिर शानदार रहा। जन्नत कुमार 97% अंक लाकर न केवल विद्यालय बल्कि प्रमंडल टॉपर बनकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष विद्यालय के 10वीं बोर्ड में 321 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें सभी उत्तीर्ण घोषित किये गये। इस प्रकार 10वीं का रिजल्ट पूर्व वर्षों की तरह शत प्रतिशत रहा। विद्यालय स्तर पर 95.8% अंक प्राप्त कर पवन कुमार ने द्वितीय तथा 95.4% लाकर सांभवी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रौशन कुमार 94.2%, गौतम राज 93.8%, सृष्टि कुमारी 93.2%, बादल तिवारी 92.6%, मानस सिंह 92.4%, शुभम कुमार महतो 92.4%, ज्योति पाण्डेय 91.8% विद्यालय स्तर पर प्रथम दस में स्थान पाने में सफल रहें। विषयवार, जन्नत कुमार को संस्कृत में 100, गौतम राज एवं श्याम शर्मा को सामाजिक विज्ञान में 100, सांभवी शुक्ला को विज्ञान में 97, सृष्टि कुमारी एवं विनीत राज को हिन्दी में 95, कंप्यूटर में गौतम राज एवं जन्नत कुमार को 96, अंग्रेजी में सांभवी शुक्ला को 96 तथा गणित में अंगिका श्री एवं पवन कुमार को 97 अंक प्राप्त हुए जो स्कूल स्तर पर सर्वोच्च अंक है।

# हेरिटेज स्कूल के 10वीं व 12वीं की परीक्षा परिणाम रहा ऐतिहासिक

- स्कूली विद्यार्थियों ने सफलता पाकर बढ़ाया स्कूल का सम्मान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षा में हेटिटेज स्कूल का परिणाम ऐतिहासिक रहा। 10वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत छात्रा छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास हुए। इस विद्यालय के 179 विद्यार्थियों में 25 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 60 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 57 ने 70 प्रतिशत से अधिक व 37 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 10वीं की परीक्षा में अनुष्का कुमारी 96.6 प्रतिशत, आशुतोष अमृत 96.2 प्रतिशत, नसीबा अली 95.4 प्रतिशत, सौर्या तिवारी व सुशांत सिंह 94.8 प्रतिशत, अर्थ ज्ञान 93.8 प्रतिशत, अंश दूबे 93.6 प्रतिशत व अनुष्का तनवी 93.2 प्रतिशत शामिल हैं।

**खास बातें :** वहीं 12वीं के विज्ञान संकाय में 88 व वाणिज्य संकाय में 33 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण रहे। विज्ञान संकाय में क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय छात्रों में आयूष कुमार 91.4 प्रतिशत, अल्तमश हबीबी 90.8 प्रतिशत, अंशुमाली 90 प्रतिशत रहे। वाणिज्य संकाय में निकीता गुप्ता 93.2 प्रतिशत प्रथम, शिरीन जमाल 91.6 प्रतिशत व संजना 90.6 प्रतिशत लाकर कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के अध्यक्ष ज्ञान शंकर व निर्देशिका संगीता शंकर ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी है। कहा कि विद्यार्थियों के मेहनत व शिक्षक के सही मार्ग दर्शन से परिणाम बेतर रहा। प्राचार्य बिजू जोसफ ने 10 वीं की परीक्षा के परिणाम पर खुशी जाहिर की। कहा कि इस वर्ष 12वीं का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा है।

# गिरिडीह लोकसभा मे एक ऐसा निर्दलीय प्रत्याशी जिसे लोग मदद के सहारे लड़ा रहे हैं चुनाव, वोटरों के बीच दिख रहा है पकड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गिरीडीह लोकसभा का चुनाव गुजरते समय के साथ और भी दिलचस्प होता जा रहा है। ज्ञात हो कि गिरिडीह लोकसभा चुनाव में कुल 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसमे तीन राष्ट्रीय पार्टी के अलावे 13 अन्य व निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में है जिसमे एक निर्दलीय प्रत्याशी जिसका नाम पिछले कुछ वर्षों के भीतर खुब सुर्खियां बटोरी टायगर जयराम महतो जिन्होंने अपनी एक पार्टी बनाई जिसका नाम जेबीकेएसएस रखा है। जयराम महतो खुद गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं तो अन्य लोकसभा सीटों पर अपने दुसरे प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। बताया जाता है कि यह युवा नेता क्षेत्र के युवाओं के आई कॉन है और लोगो के दिलों पर राज करते हैं खास कर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के बीच। यह युवा नेता जमीनी मुद्दों को उठा कर खुब सोहरत बटोरा है। इनके चुनाव के तरीको को देख आप भी हैरान हुए बीना नही रह सकेंगे। इनके कार्यकर्ता क्षेत्र में घर घर पहुच चुनाव प्रचार के साथ साथ लोगो से चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक मदद भी जुटा रहे हैं और लोग भी दिल खोलकर इसकी मदद करने को आगे आ रहे हैं। लोग रुपया पैसा के अलावे अनाज से भी इन्हें मदद पहुंचाते नजर आ रहे हैं। चुनावी राजनीति में आने से पहले से ही इनकी पहचान एक जुझारू युवा नेता के रुप में हो चुकी थी जो समय के साथ और परवान चढ़ी। शहरी क्षेत्रों में भले इनका प्रभाव कम दिखता हो मगर गिरिडीह लोकसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में इनका वोटरों के बीच अच्छी खासी पकड़ देखी जा सकती है। ये अपने चुनाव प्रचार पैदल घुम घुम कर करते नजर आते हैं और इनके अधिकांश कार्यकर्ता युवा है। दुसरे शब्दों में कहें तो यह प्रत्याशी युवा ब्रिगेड के दम पर काफी मजबूत नजर आते हैं। यह पढ़ा लिखा और शब्दों के जादूगर नजर आते हैं। अभी हाल के दिनों में इन्होंने क्षेत्र ही नहीं पुरे प्रदेश में चर्चा का विषय उस समय बन गये जब यह युवा प्रत्याशी सह नेता अपना नामांकन करने जिला कार्यालय पहुचे जहां एक लम्बीत मामले को लेकर रांची और बोकारो की पुलिस इन्हें गिरफ्तार करने पहुची थी मगर इनके लाखों समर्थक पुलिस की गिरफ्तारी से इन्हें बचा कर रहस्यमय ढ़ंग से निकाल ले गए जिसके बाद राजनीति खुब गरमाई जितनी मुंह उतनी बाते लोगो के बीच इन्हें भगोड़ा घोषित करने की कोशिश की गई मगर यह कानून के समक्ष पेश होकर सारे अटकलों पर विराम लगा दिया। इस घटना के बाद यह युवा नेता राजनितिक तौर पर और मजबूत दिखने लगा। अब सवाल उठता है कि ये चुनाव जीतेंगे या नही मगर एक बात तो तय है कि यह अन्य कई दिग्गजों के जीत हार के समीकरण पर खासा प्रभाव डालेंगे। ऐसे युवाओं के बीच इनकी जीत की चर्चा खुब है और लोग इनको सुनने में रुची भी दिखा रहे हैं। बहरहाल मामला कुछ भी हो मगर टायगर जयराम महतो के चुनावी रण में उतरने से गिरिडीह लोकसभा का चुनाव काफी दिलचस्प और रोचक हो गया है।



# शांतिपूर्ण मतदान को लेकर डीआइजी ने लिया नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान हो, इस बात को लेकर बोकारो, कोयला क्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा के द्वारा ललपनिया, जगेश्वर विहार, दनिया, तिलैया, झुमरा पहाड़, रहावन आदि क्षेत्रों का जायजा लिया गया।

इस दौरान उनके साथ बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, गोमिया इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह सहित सभी संबंधित थाना के थानाप्रभारी मौजूद थे। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों, फोर्स आवासन स्थान, फोर्स मूवमेंट, नक्सलियो के छुपने के स्थान आदि का जायजा लेते हुए उसकी समीक्षा की।

इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात वार्ता कर क्षेत्र की जानकारी प्राप्त की एवं भयमुक्त वातावरण में 25 मई को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

## एक नजर में

### साहिबगंज : वाहन जांच के दौरान पाडेरबाथान चेक नाका पर 2 लाख रुपया बरामद



बरहेट। साहिबगंज और पाकुड़ जिला के सीमा क्षेत्र पाडेरबथान में लोकसभा चुनाव को लेकर लगाए गए चेक पोस्ट पर मंगलवार के अपराह्न एक बाइक जे एच 16 जी 6934 पर जा रहे ऋषिकेश कुमार सिंह नामक युवक के बैग की तलाशी ली गई। जिससे जांच के दौरान 2 लाख 2 हजार 100 रुपए बरामद की गई। युवक ने चेक नाका पर मौजूद सहायक प्रेषक आलोक कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे एवं बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार को बताया कि वह भारत फाइनेंस के कर्मी है और लोन की राशि संग्रह कर वह कार्यालय जा रहे हैं। हालांकि इस मामले में बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने राशि जब्त कर लिया है तथा राशि के सत्यापन के लिए ऋषिकेश कुमार सिंह को राशि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साहिबगंज उप विकास आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मौके पर सहायक अब्जर्वर आलोक रंजन, बीडीओ अंशु कुमार पांडे, थाना प्रभारी पवन कुमार, एएसआई मो० जमील, तदर्थ एएसआई राजनाथ साव, दंडाधिकारी प्रदीप कुमार साह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### साहिबगंज : नामांकन के अंतिम दिन आज नौ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया



लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र हेतू आज नामांकन के छठे एवं अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ताला मरान्डी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार विजय कुमार हाँसदा, बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार के रूप में मरीयम मरान्डी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमिन के उम्मीदवार पाल सोरेन, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमिन की उम्मीदवार दाउद मरान्डी, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के उम्मीदवार अजीत मरांडी एवं नथानिएल मालतो, महेश पहाड़िया, गंगाराम मालतो ने निर्दलीय अपना नामांकन पत्र निवार्ची पदाधिकारी, राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र, हेमंत सती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### मथुरा महतो का कथारा क्षेत्र मे दौरा



बेरमो। कथारा-इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद यादव ने गोमिया विधानसभा के झिरकी के रविदास टोला,झिरकी दरगाह, झिरकी यादव टोला,झिरकी के ईदगाह,बांध कॉलोनी, बांध बस्ती के रविदास टोला, कथारा चार नंबर,कथारा बस्ती और असना पानी में तूफानी चुनावी दौरा किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि के अलावा गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो, जय नारायण महतो अजय कुमार सिंह, इकबाल अहमद, समसुल हक, वेदव्यास प्रसाद, देवेंद्र यादव, तपेश्वर चौहान, शकील, राजेंद्र यादव मुस्ताक अहमद शाह ने राजा काशी तुरी चिन्नालाल तुरी संजय तुरी बैजू तुरी हेमंत चौहान गणेश यादव अशोक यादव खेमू यादव के अलावा सैकड़ो की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित है।

### बीजीएच में आंतरराष्ट्रीय परिचारिका दिवस समारोह आयोजित



बोकारो। बोकारो जनरल अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय की उपस्थिति में परिचारिका दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम है हमारी नर्से हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति। समारोह में नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित करने और उनकी सराहना करने के लिए थीम से संबंधित कार्यक्रम के साथ साथ एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। करुणामय ने परिचारिकाओं के योगदान की सराहना की और उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

## स्पीड न्यूज

### एसकेएमयू के पीजी हिंदी विभागाध्यक्ष बनाये गये डॉ बिनय

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ बिनय कुमार सिन्हा को स्नातकोतर हिंदी विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया। इस संबंध में कुलसचिव डॉ एस एन अधिकारी ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ सिन्हा को दो वर्षो के लिए स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के एचओडी नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो डॉ सिन्हा इनसे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पदभार संभाल रहे थे। उनका कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण राजभवन के आदेशानुसार डॉ एस एन अधिकारी को कुलसचिव नियुक्त किया गया है। यहां बता दें कि डॉ सिन्हा ने विश्वविद्यालय में अभिषद सदस्य, वित्त पदाधिकारी, कुलानुशासक, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वित्त समिति सदस्य जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यसायी की मौत



दुमका। जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में एनएच 133 पर गंगवारा गांव के समीप मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कस्तूरी गांव निवासी तारणी यादव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार तारणी यादव हर रोज की तरह मंगलवार को भी साईकिल से दूध बेचने हंसडीहा जा रहे थे इसी बीच जैसे ही वे गंगवारा गांव के समीप पहुँचे की किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें बेरहमी से कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही साईकिल के परखच्चे उड़ गए।वहीं घटना की सूचना पर हंसडीहा थाना के एसआई कामेश्वर सिंह, अमर कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इधर घटना की सूचना जैसे ही मृतक के गांव पहुँची गांव के सभी लोग इकट्ठा होकर गंगवारा पहुँच मुआवजे की मांग को लेकर एनएच 133 को जाम कर दिया। पुलिस प्रसाशन द्वारा काफी समझाने के बाद भी लोग नहीं माने। आक्रोशित लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग पर डटे रहे। अंततः प्रसाशन के द्वारा तत्काल दस हजार मुआवजा राशि मृतक के परिजनों देने के बाद जाम टूटा। जाम में एनएच के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# ढ़ोरी खास मे सैलरी को लेकर कामगारों और प्रबंधन में वार्ता

## कोयला मजदूरों को सुविधाहीन बनाने में तुली है इंडिया प्रबंधन

›› पदौन्नति, मैन-पावर बजट पे-प्रॉटेक्शन, ऑफिस स्टेशनरी, फर्निचर एवं साफ-सफाई, शौचालय, मशीनों की रख-रखाव रौग-डिगनेशन, रूफ-बोल्टींग आदि मांगो पर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के ढ़ोरी खास परियोजना में सैलरी भुगतान में गड़बड़ी के विरोध में टैड यूनियन और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई, लेकिन कोई निष्कर्ष नही निकला। सीसीएल 4,5, 6, 7 और 8 इंकालीन कामगारों ने वेतन में विसंगति का विरोध किया। इसका नेतृत्व कर रहे सीसीएल सीकेएस के सचिव हीरालाल रविदास और राकोमसं के क्षेत्रीय सचिव मंगरा उरांव ने कहा कि सैफ द्वारा सैलरी बनाने में भारी अनियमित बरती जा रही है। पदौन्नति, मैन-पावर बजट, पे-प्रॉटेक्शन, ऑफिस स्टेशनरी, फर्निचर एवं साफ-सफाई, शौचालय, मशीनों की रख-रखाव रौग-डिगनेशन, रूफ-बोल्टींग आदि मार्गो पर चर्चा की गई। प्रबंधन से मांग की है कि इन अनियमिताओं को दूर करने के बाद ही वेतन का भुगतान किया जाए। कहा कि कोल इंडिया कामगारों को सुविधाविहीन बनाने पर तुली हुई है। सैलरी में विसंगतियों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा 15 दिन के अंदर सुधार कर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है। मांगों पर विचार नहीं किया गया तो शीघ्र यूनियन के द्वारा एक मांग पत्र सोपा जाएगा। इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से मैनेजर मृत्युंजय कुमार सहित हीरालाल रविदास, मंगरा उरांव, प्रमोद कुमार गौतम, विश्वनाथ रजवार; मनोज ठाकुर, भादो बाउरी,सत्येंद्र नोनिया, पंकज कुमार मंडल, नवीन कुमार साहा, बासुदेव मल्लाह, जगदीश सिंह,अनूप वर्णवाल, सेवा महतो, विनोद मांझी, लखन मिश्रा, अरविंद शर्मा, संजीव राय, उत्तम नायक, अर्जुन दिगार, देवाशीष चक्रवती, घीरज दिगार, कमलेश कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# निदेशक प्रभारी ने एसएमएस 2 में सुरक्षा पहलुओं का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने ईडी (पी एंड ए) अतिरिक्त प्रभार ईडी (संकार्य) राजन प्रसाद सीजीएम (तकनीकी) एल दास सीजीएम (सुरक्षा) बीके सरतापे सहित एसएमएस के वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संयंत्र के एसएमएस 2 विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया।

निदेशक प्रभारी तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान एसएमएस 2 विभाग के कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया।

तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जनता भाजपा को अपना समर्थन देने का मन बना चुकी है : कृष्णा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** मंगलवार को लोकसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता से चौपाल लगाकर जन संवाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आम जनों से मिल रहे हैं जहां जनता का भरपूर प्यार और समर्थन उन्हे मिल रहा है जैसा कि जिला महा सचिव कृष्ण मुरारी चौबे ने बताया। उनके समर्थकों द्वारा दावा किया जा रहा है और ये लोक सभा चुनाव अजेय मतों से जीत कर रिकॉर्ड बनाने का दावा भी कर रहे हैं। साथ चल रहे गोड्डा भाजपा जिला महासचिव कृष्ण कन्हैया ने बताया कि जनता आज और भी आशान्वित हैं भविष्य को लेकर अपने बच्चों के रोजगार को लेकर एक अदानी के आने से जब हजारों लोगों को रोजगार मिला है रेलवे के आने से अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला ऐसे ही और उद्योग अगर क्षेत्र में जगह जगह लगेंगे तो यहां के निवासियों का भविष्य बदल जायेगा। बच्चों को दिल्ली मुंबई और मद्रास और बेंगलुरु नहीं जाना पड़ेगा और ये कार्य सिर्फ निशी कांत दुबे ही कर सकते हैं। उन्होंने कर के दिखाया है इसलिए विश्वास है वही कर सकते हैं। रेल, सड़क, एम्स, एयरपोर्ट, फोर लेन सड़क जो बन रहीं है अपनी आंखों से देख रहें हैं। कार्यक्रम में गोड्डा विधायक अमित मंडल ने भी विकास के लिए कितनी ही योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ आम किसानों को मिला है।

# दुमका लोकसभा सीट के लिए अंतिम दिन 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन





**अब तक 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन पर्चा दाखिल, नाम वापसी की तिथि 17 मई, 11 निर्दलीय प्रत्याशियों ने किया नामांकन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लोकसभा चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन 12 प्रत्याशियों ने जिला निवार्ची पदाधिकारी ए दोड्डे के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिला किया। अब तक भाजपा एवं झामुमों समेत विभिन्न पार्टी एवं निर्दलीय 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मंगलवार को लोकहित अधिकार पार्टी से अनिल टुडू, बहुजन समाज पार्टी से परेश मरांडी, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा से जीतन कोल, इंडियन नेशनल सोशाईलिस्टिक एलसन फोर्स पार्टी से आलेश हांसदा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी से जोबा हांसदा ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुशांति हेम्ब्रम, बिरेन मोहली, निर्मल सोरेन, संजय टुडू, राजेश बेसरा, श्रीलाल किस्कू एवं मनोज हेम्ब्रम ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पर्चा का जांच 15 एवं 16 मई को होगी। नाम वापसी की तिथि 17 मई निर्धारित है। मतदान अंतिम चरण में एक जून को निर्धारित है।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**RC/347/2022**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**VIKASH PRASAD**

To
(CD1)VIKASH PRASAD
-829117
Also At:
SHRI VIKASH KUMAR S/O JAGESHWAR PRASAD, R/O SEWTA, SUNDIH MUHALLA NEAR SHIV TEMPLE, RANCHI ROAD P.O. - MARAR, P.S. MANDU, DISTRICT - RAMGARH - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/441/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 5684604.00 (Rupees Fifty Six Lakhs Eighty Four Thousands Six Hundred Four Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **31/07/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **01/05/2024.**

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI**

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**RC/348/2022**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**GOUTAM KUMAR**

To
(CD1)GOUTAM KUMAR
S/o JALDHAR GOPE, R/O IFICO NEW COLONY BINJHAR P.O. MARAR P.S. MANDU, RAMGARH - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/608/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 5621917.00 (Rupees Fifty Six Lakhs Twenty One Thousand Nine Hundred Seventeen Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **31/07/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **01/05/2024.**

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI**



**Format C-1**

*( for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate KRISHNA NAND TRIPATHI

Name of political party INDIAN NATIONAL CONGRESS
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election LOKSABHA 2024

*Name of Constituency 04-CHATRA

I KRISHNA NAND TRIPATHI ____ (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2659/21 FIR N.-94/2017 Dated-30-11-2019 | Appearance | IPC-342, 143, 188 |
| 2. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-448/20 FIR N.-307/2019 Dated-30-11-2019 | Evidence | IPC-188 |
| 3. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2682/20 FIR N.-482/2009 Dated-07-12-2021 | Evidence | IPC-188, 288 |
| 4. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-645/20 FIR N.-306/2019 Dated-30-11-2019 | Evidence | IPC-147, 148, 149, 323, 324, 427 |
| 5. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2675/21 FIR N.-494/2009 Dated-02-12-2009 | Evidence | IPC-188, 171H |
| 6. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-1984/18 FIR N.-346/2018 Dated-20-10-2018 | Hearing | IPC-420, 379 |
| 7. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-408/19 FIR N.-1970/2019 Dated-01-03-2019 | Appearance | IPC-419, 420, 467, 468, 471, 34, 120B, 147, 504 |
| 8. | Judicial Magistrate, Bokaro | FIR N.-209/23, Dated-24-06-2023 | | IPC-147, 148, 323, 324 |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Not Applicable | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# सबसे आगे हिन्दुस्तानी

भारतीय कामगारों ने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। इस तरह भारत दुनियाभर में भारतवंशियों की कमाई से सबसे ज्यादा धन प्राप्त करने वाले देश के रूप में स्थापित हुआ है। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गाथा को दशार्ता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को दिखाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दरअसल, इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन की विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुए हैं। यह धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दशार्ता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। देश से विदेश जाने वाले प्रवासियों की स्थिति दुनिया में अपने देश के प्रेम को लेकर शीर्ष पर है। जैसे-जैसे देश में विकास की गति तेज हो रही है विदेश में इनका सम्मान बढ़ रहा है। विश्व के सभी देशों में भारतीय अपने बेहतर कार्यशैली और व्यवहार के कारण प्रसिद्धि पा रहें हैं और देश की आर्थिक गति बढ़ाने में योगदान कर रहें हैं।

# न्याय जटिल और महंगा

देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि लोग महसूस करें कि उनके अधिकारों और सम्मान को मान्यता दी गई है और उन्हें संरक्षित किया गया है। न्याय से इनकार करने से अंततः अराजकता फैलेगी। भारत में न्याय प्रदान करने का तंत्र बहुत जटिल और महंगा' है और देश अदालतों को समावेशी और सुलभ बनाने में बहुत पीछे है। विवादों का शीघ्र निपटारा एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।" न्याय से इनकार अंततः अराजकता की ओर ले जाएगा। जल्द ही न्यायपालिका अस्थिर हो जाएगी क्योंकि लोग अतिरिक्त न्यायिक तंत्र की तलाश करेंगे। चीफ जस्टिस रमण ने कहा कि भारत में अदालतों के पास अधिकारों के अधिनिर्णय और संविधान की आकांक्षाओं को बनाए रखने का संवैधानिक कर्तव्य है। कानून के शासन और मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है- सभी को त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करने में औपचारिक न्याय प्रणाली की अक्षमता। भारत में न्याय वितरण तंत्र बहुत जटिल और महंगा है।" प्रौद्योगिकी न्यायपालिका के लिए सशक्त सहायक की भूमिका निभा रही है। अब, आभासी अदालतें समय, लागत और दूरी को कम करके पहुंच के अंतराल को पाट रही हैं। बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर लगातार जोर दिया जाये। दुख की बात है कि स्वतंत्रता के बाद, आधुनिक भारत की बढ़ती जरूरतों की पूर्ति के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे में बदलाव नहीं किया गया है। हम अपनी अदालतों को समावेशी और सुलभ बनाने में बहुत पीछे हैं। अगर हम इस पर तत्काल ध्यान नहीं देते हैं, तो न्याय तक पहुंच का संवैधानिक आदर्श विफल हो जाएगा।' देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे की स्थिति संतोषजनक नहीं है। न्याय की गति से विकास प्रभावित होता है और विकास धीमी हुई तो समस्या पैदा होती है।


# सशक्त देश के लिए पंच परिवर्तन और आरएसएस



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पिछले लगभग 99 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। माननीय सर संघचालक मोहन भागवत ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे।

इस पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं - (1) स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, (2) नागरिक कर्तव्य, (3) पर्यावरण, (4) सामाजिक समरसता एवं (5) कुटुम्ब प्रबोधन। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे। समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा देने की आज महती आवश्यकता है।

भारत में हाल ही के समय में देश की संस्कृति की रक्षा करना, एक सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में उभरा है। सम्भावना से युक्त व्यक्ति हार में भी जीत देखता है तथा सदा संघर्षरत रहता है। अतः पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले जी कहते हैं कि बौद्धिक आख्यान को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से बदलना और सामाजिक परिवर्तन के लिए सज्जन शक्ति को संगठित करना संघ के मुख्य कार्यों में शामिल है। इस प्रकार पंच परिवर्तन आज समग्र समाज की आवश्यकता है। पंच परिवर्तन में समाज में समरसता (बंधुत्व के साथ समानता), पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली, पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए पारिवारिक जागृति, जीवन के सभी पहलुओं में भारतीय मूल्यों पर आधारित 'स्व' (स्वत्व) की भावना पैदा करने का आग्रह जैसे आयाम शामिल हैं। नागरिक कर्तव्यों के पालन हेतु सामाजिक जागृति; ये सभी मुद्दे बड़े पैमाने पर समाज से संबंधित हैं। दूसरे, इन विषयों को व्यक्तियों, परिवारों और संघ की शाखाओं के आसपास के क्षेत्रों को संबोधित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। इसे व्यापक समाज तक ले जाने की आवश्यकता है। यह केवल चिंतन और अकादमिक बहस का विषय नहीं है, बल्कि कार्रवाई और व्यवहार का विषय है। पंच परिवर्तन केवल चिंतन, मनन अथवा बहस का विषय नहीं है बल्कि इसे हमें अपने व्यवहार में उतरने की आवश्यकता है। उक्त पांचों आचरणात्मक बातों का समाज में होना सभी चाहते हैं, अतः छोटी-छोटी बातों से प्रारंभ कर उनके अभ्यास के द्वारा इस आचरण को अपने स्वभाव में लाने का सतत प्रयास अवश्य करना होगा। जैसे, समाज के आचरण में, उच्चारण में संपूर्ण समाज और देश के प्रति अपनत्व की भावना प्रकट हो, प्रत्येक घर में सप्ताह में कम से कम एक बार पूजा या धार्मिक आयोजन हो एवं अपने परिवार के बच्चों के साथ बैठकर महापुरुषों के सम्बंध में सप्ताह में कम से कम एक घंटे चर्चा हो, परिवार के सभी सदस्यों में नित्य मंगल संवाद, संस्कारित व्यवहार व संवेदनशीलता बनी रहे, बढ़ती रहे व उनके द्वारा समाज की सेवा होती रहे, आदि बातों का ध्यान रखकर कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय को आगे बढ़ाया जा सकता है।



-पी सबनानी

> इस पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं – (1) स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, (2) नागरिक कर्तव्य, (3) पर्यावरण, (4) सामाजिक समरसता एवं (5) कुटुम्ब प्रबोधन। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे।

मंदिर, पानी, श्मशान के सम्बंध में कहीं भेदभाव बाकी है, तो वह शीघ्र ही समाप्त होना चाहिए। हम लोग अपने परिवार सहित त्योहारों के समय अनुसूचित जाति के बंधुओं के घर जाएं और उनके साथ चाय-पान करें। साथ ही, हम अनुसूचित जाति के बंधुओं को सपरिवार अपने परिवार में बुलाकर सम्मान प्रदान करें। कुल मिलाकर समस्त समाज एक दूसरे के त्यौहारों में शामिल हों ताकि आपस में भाई चारा बढ़े एवं देश में सामाजिक समरसता स्थापित हो सके।

सृष्टि के साथ संबंधों का आचरण अपने घर से पानी बचाकर, प्लास्टिक हटाकर व घर आंगन में तथा आसपास हरियाली बढ़ाकर हो सकता है। अपने घरों में जल का कोई अपव्यय नहीं हो रहा है एवं अपने परिवार में हरियाली की चिंता की जा रही है। अपने घर में, रिश्तेदारी में, मित्रों के यहां सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आग्रह किया जा रहा है आदि बातों पर ध्यान देकर देश में पर्यावरण को सुधारा जा सकता है।

देश में कानून व्यवस्था व नागरिकता के नियमों का भरपूर पालन होना चाहिए तथा समाज में परस्पर सद्भाव और सहयोग की प्रवृत्ति सर्वत्र व्याप्त होनी चाहिए। इन्हें हमारे नागरिक कर्तव्यों के रूप में देखा जाना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। विशेष रूप से युवाओं में नशाबंदी समाप्त करने के लिए, मृत्यु भोज रोकने के लिए तथा विभिन्न समाजों में व्याप्त दहेज की कुप्रथा समाप्त करने के गम्भीर प्रयास हम समस्त नागरिकों को मिलकर ही करने होंगे।

संघ के स्वयंसेवक आने वाले दिनों में समाज के अभावग्रस्त बंधुओं की सेवा करने के साथ-साथ, इन पांच प्रकार की सामाजिक पहलों का आचरण स्वयं करते हुए समाज को भी उसमें सहभागी व सहयोगी बनाने का प्रयास करेंगे। समाजहित में शासन, प्रशासन तथा समाज की सज्जनशक्ति जो कुछ कर रही है, अथवा करना चाहेगी, उसमें संघ के स्वयंसेवकों का योगदान नित्यानुसार चलता रहेगा। वर्ष 2025 से 2026 का वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के बाद का वर्ष है। उक्त वर्णित समस्त आयामों में संघ के स्वयंसेवक अपने कदम बढ़ायेंगे, इसकी सिद्धता संघ द्वारा किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाज की एकता, सजगता व सभी दिशा में निस्वार्थ उद्यम, जनहितकारी शासन व जनोन्मुख प्रशासन स्व के अधिष्ठान पर खड़े होकर परस्पर सहयोगपूर्वक प्रयासरत रहते है, तभी राष्ट्रबल वैभव सम्पन्न बनता है। बल और वैभव से सम्पन्न राष्ट्र के पास जब हमारी सनातन संस्कृति जैसी सबको अपना कुटुंब माननेवाली, तमस से प्रकाश की ओर ले जानेवाली शक्ति उपलब्ध है।

## खास बात

### रोग से अनजान

**इंडियन** काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च व नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इन्फॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च का वह हालिया अध्ययन आंख खोलने वाला है, जिसमें कहा गया है कि 72 फीसदी हाइपरटेंशन पीड़ित अपनी बीमारी के प्रति अंजान रहे। यह बात भी कम चौंकाने वाली नहीं है कि देश में 28 फीसदी भारतीय वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। रिपोर्ट इस मायने में भी सचेतक है कि दिल के रोगों की बड़ी वजह उच्च रक्तचाप है। बेहद चिंता की बात यह भी कि देश में 28 फीसदी मौतें हृदय रोगों के कारण होती हैं। ऐसे में 2025 तक इस बीमारी से निपटने के लक्ष्य को पाना एक बड़ी चुनौती होगी। निस्संदेह आईसीएमआर-एनसीडीआईआर, बेंगलुरू का यह अध्ययन आंख खोलने वाला है और आधुनिक जीवनशैली की विसंगतियों के कारण महामारी का रूप धारण करते उच्च रक्तचाप पर काबू पाने की जरूरत पर बल देता है। अध्ययन में इस घातक रोग के प्रति महज 27 फीसदी लोगों का जागरूक होना बताता है कि हम स्वास्थ्य की इस चुनौती को गंभीरता से नहीं लेते। हम तब जागते हैं जब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगता है। अध्ययन में शामिल लोगों में से महज चौदह फीसदी का इलाज करवाना बताता है कि इस गंभीर चुनौती को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना वक्त की जरूरत है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि उच्च रक्तचाप महानगरीय जीवन शैली की ही देन है क्योंकि रोग का असर ग्रामीण इलाकों में शहरों के 34 फीसदी के मुकाबले 25 फीसदी है। वहीं पीड़ित लोगों का भारतीय चिकित्सा पद्धति व वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों पर विश्वास नहीं जग पाया है क्योंकि 99.6 फीसदी पीड़ित एलोपैथिक दवाएं ले रहे हैं। साथ ही सरकारी चिकित्सा पद्धति पर भी भरोसा नहीं जम पाया क्योंकि उच्च रक्तचाप से पीड़ित 80 फीसदी मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं। अच्छी बात यह भी है कि महिलाओं में उच्च रक्तचाप का रोग पुरुषों के मुकाबले कम पाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी है।वहीं भौगोलिक आधार पर देखें तो मध्य भारत में रोग कम प्रभावी है, जबकि उत्तर व दक्षिण भारत में वयस्कों के पीड़ित होने की दर ज्यादा है।

# निडरता

## विचार-प्रवाह

**प्रेम प्रकाश**

**वह** आस्था और निर्भीकता दिखाने वाले लोगों के साथ आज भी खड़ा है। उनकी अपील का असर हुआ और देखते-देखते स्थिति में तेज सुधार देखने को मिला। आज भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर बीते वर्ष आई पहली लहर के मुकाबले ज्यादा भयावह है। इंसान से ज्यादा खबरों में लाशें हैं। मनुष्य के लिए मृत्यु का सच ऐसी भयावहता लेकर आया है कि प्रेम, सद्भाव और सहयोग जैसे सामाजिक सरोकार सिरे से गायब हैं। मानवीय करुणा अभी भी बची है, इसके लिए साक्ष्य जुटाने पड़ रहे हैं। ऐसे में न सिर्फ महामारी से बचाव की चिंता है बल्कि इस बात की भी चिंता है कि आदमी एक-दूसरे से दूर होकर, भयभीत होकर क्या अपनी हिफाजत कर पाएगा। जाहिर है जवाब होगा नहीं। पर इस नहीं को हम अपने अमल में कैसे लाएं। कैसे यह दिखेगा कि इतिहास में महामारियों के कई दौर और दो-दो विश्वयुद्ध के बाद हम यह सबक सीख गए हैं अपने देशकाल को प्रेम और करुणा से दूर होते देखना कुछ और नहीं बल्कि इंसान के लिए अपने मौलिक दरकारों-सरोकारों से दूर होना है। इसलिए जब कोविड-19 के रूप में महामारी ने पूरी दुनिया में मौत को पहाड़ जैसे आंकड़ों में बदला तो सामाजिक अध्ययन से जुड़े कई विद्वानों ने इस बात की प्रस्तावना दुनिया के आगे रखी कि यह सेहत से ज्यादा सभ्यता का संकट है। जीवन की हिफाजत की चुनौती पर हम तभी खरे हो पाएंगे जब मनुष्यता और उसकी सामाजिकता को भी साथ-साथ बचाएं।

ऐसे में हमें करना क्या है, इस बारे में कई लोगों ने कई तरह के सुझाव दिए हैं।


## आपके ट्वीट

**तेलंगाना,** ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भाजपा की सीटें बढ़ रही हैं। भाजपा पूर्व और दक्षिण में काफी बढ़त हासिल कर रही है, दक्षिण भारत और पूर्वी भारत में वोट शेयर और सीट शेयर दोनों बढ़ रहे हैं। तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर बढ़ेगा। मैं उत्तर और पश्चिम भारत में भाजपा को ज्यादा सीटें हारते हुए नहीं देख रहा हूं। **- प्रशांत किशोर, रणनीतिकार**

**गुजरात** की हर ईंट को आदिवासियों ने अपने खून-पसीने से सींचा है। लेकिन उन्हे उनके हक और हिस्से की भागीदारी से वंचित रखा गया।

**– राहुल गांधी, सांसद**





**ज्ञान** शांति प्रदाता है।आध्यात्मिक ज्ञान की सहायता से भ्रम भय और चिंताओं को दूर करें। प्रकृति के नियमों का पालन करें और अपने पर्यावरण की रक्षा करें। प्राकृतिक सरल और आनंदपूर्ण जीवन व्यतीत करें।

**–स्वामी अवधेशानंदगिरी**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार ट्विटर डॉट कॉम

# कृषि क्षेत्र ही देश को अनाज की कमी से बचायेगा

## सामयिक

**मनोज शर्मा**

भारत में मौसम सम्बंधी विभिन्न संस्थानों द्वारा वर्ष 2024 में मानसून के सामान्य से कुछ अधिक बने रहने की उम्मीद जताई गई है। देश के ज्यादातर भागों में सामान्य से अधिक बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। देश में कृषि क्षेत्र के लिए यह एक शुभ संकेत है। बाकी क्षेत्रों (सेवा एवं उद्योग) पर कोविड महामारी का लगातार विपरीत असर पड़ रहा है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृषि क्षेत्र ही देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता नजर आ रहा है। पिछले वर्ष भी केवल कृषि क्षेत्र में ही वृद्धि दर्ज की गई थी।

अनाज के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही है। अनाज का उत्पादन वर्ष 2017-18 में 28.5 करोड़ टन एवं 2018-19 में 28.52 करोड़ टन था जो वर्ष 2019-20 में बढ़कर 29.66 करोड़ टन हो गया। गेहूं और चावल के उत्पादन में भी लगातार बढ़त देखने को मिली है। गेहूं का उत्पादन वर्ष 2017-18 में 9.99 करोड़ टन, 2018-19 में 10.36 करोड़ टन एवं 2019-20 में बढ़कर 10.76 करोड़ टन का हो गया है। वहीं चावल का उत्पादन भी वर्ष 2017-18 में 11.28 करोड़ टन, 2018-19 में 11.65 करोड़ टन एवं 2019-20 में बढ़कर 11.84 करोड़ टन का हो गया है।

मौसम सम्बंधी संस्थानों के अनुमानों के अनुसार इस वर्ष केवल जम्मू एवं कश्मीर, उत्तर-पूर्व का कुछ भाग, हरियाणा, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कुछ इलाकों में सामान्य से कुछ कम बारिश हो सकती है। मानसून सम्बंधी इन मिले जुले पूवार्नुमानों का देश की अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र पर कोई बुरा प्रभाव पड़ने की सम्भावना नहीं के बराबर ही है, क्योंकि उक्त वर्णित क्षेत्रों जहां मानसून की तुलनात्मक रूप से कम वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है। इन क्षेत्रों में खरीफ मौसम की मुख्य फसल धान की पैदावार कम ही होती है। हां, इन इलाकों में मानसून के कमजोर रहने के कारण कृषि क्षेत्र की गतिविधियों में कमी आने से मजदूरों के लिए बेरोजगारी में वृद्धि देखने में आ सकती है। परंतु, मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार के अधिक अवसर निर्मित कर इन क्षेत्रों में बेरोजगारी सम्बंधी परेशानी को कम किया जा सकता है।

खरीफ मौसम में फसल की पैदावार में, धान की पैदावार में, वृद्धि देखने को मिलेगी। लगभग 15.4 करोड़ टन की पैदावार खरीफ मौसम की फसल से हो सकती है जो वर्ष भर में होने वाले अनुमानित 30.3 करोड़ टन पैदावार का 50 प्रतिशत से कुछ अधिक ही है। जून माह में खरीफ का मौसम शुरू होता है। इसके साथ ही यदि पानी का अच्छा संग्रहण करने में सफलता हासिल कर ली जाती है तो रबी मौसम की फसल के स्तर में भी अच्छी वृद्धि होने की सम्भावनाएं बढ़ जाएंगीं। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल पहुंचाने एवं पानी के संग्रहण के लिए जल शक्ति अभियान की शुरूआत दिनांक 1 जुलाई 2019 से की जा चुकी है। यह अभियान देश में स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर जन भागीदारी के साथ चलाया जा रहा है।

देश में प्रति वर्ष पानी के कुल उपयोग का 89 प्रतिशत हिस्सा कृषि की सिंचाई के लिए खर्च होता है, 9 प्रतिशत हिस्सा घरेलू कामों में खर्च होता है तथा शेष 2 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों द्वारा खर्च किया जाता है। इस लिहाज से देश के ग्रामीण इलाकों में पानी के संचय की आज आवश्यकता अधिक है। क्योंकि ग्रामीण इलाकों में हमारी माताएं एवं बहनें तो कई इलाकों में 2-3 किलोमीटर पैदल चल कर केवल एक घड़ा भर पानी लाती देखी जाती हैं। अतः खेत में उपयोग होने हेतु पानी का संचय खेत में ही किया जाना चाहिए एवं गांव में उपयोग होने हेतु पानी का संचय गांव में ही किया जाना चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### भरोसे के रिश्ते

**रूस** ने अगर अमेरिका की चालबाजी से भारत को सतर्क कर अपनी दोस्ती निभाई तो यह पक्की दोस्ती और भरोसे की बात है। दूसरी तरफ अमेरिका हमसे गरज निकलने वाले संबंध अधिक रखता है। कोरोना काल में सच्चे मित्रों की पहचान भी हो चुकी है। विपक्ष के नेताओं को भी अपना नजरिया बदलना चाहिए जो लगातार मोदी सरकार की नीतियों को कोसते रहते हैं। **– शिवशंकर उरांव, गुमला**

### दंडनीय अपराध बने

**हमारे** समाज का एक वर्ग महिलाओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करता है। यह महिलाओं को मानसिक पीड़ा देता है। जुमार्ना भी और जमानत भी बड़ी कठिनाई से होती है। अगर जातिसूचक गाली निकालना अपराध है तो महिला सूचक गाली निकालना स्वीकार्य कैसे हो सकता है? भारत की स्त्रियों के हित में भी कोई ऐसा आदेश न्यायालय पारित कर दे। **– रविकांत सिंह, रांची**

# बुद्ध का प्रभाव पुनर्जाग्रत होगा तभी विश्व बचेगा

## धर्म अध्यात्म

**मुरलीधर**

**गौतम** बुद्ध ने जितने हृदयों की वीणा को बजाया है उतना किसी और ने नहीं। गौतम बुद्ध के माध्यम से जितने लोग जागे और जितने लोग परम भगवत्ता को उपलब्ध हुए उतने किसी और के माध्यम से नहीं। गौतम बुद्ध की वाणी अनूठी है और विशेषकर उन्हें, जो सोच-विचार, चिंतन-मनन, विमर्ष के आदी हैं।

बुद्ध ने उनको चेताया जिनको चेताना सर्वाधिक कठिन है- विचार से भरे लोग, बुद्धिवादी, चिंतन, मननशील। प्रेम और भाव से भरे लोग तो परमात्मा की तरफ सरलता से झुक जाते है, उन्हें झुकना नहीं पड़ता। उनसे कोई न भी कहे, तो भी वे पहुंच जाते हैं, उन्हें पहुंचाना नहीं पड़ता, लेकिन वे तो बहुत थोड़े हैं और उनकी संख्या रोज थोड़ी होती गई है।

अंगुलियों पर गिने जा सकें, ऐसे लोग हैं। मनुष्य का विकास मस्तिष्क की तरफ हुआ है। मनुष्य मस्तिष्क से भरा है। इसलिए जहां जिससे हार जाए, जहां कृष्ण की पकड़ न बैठे, वहां भी बुद्ध नहीं हारते।

वहां भी बुद्ध प्राणों के अंतरतम में पहुंच जाते है। बुद्ध का धर्म बुद्धि का धर्म कहा गया है। बुद्धि या उसका आदि तो है, अंत नहीं। शुरूआत बुद्धि से है, प्रारंभ बुद्धि से है, क्योंकि मनुष्य वहां खड़ा है, लेकिन अंत, अंत उसका बुद्धि में नहीं। अंत तो परम अतिक्रमण है, जहां सब विचार खो जाते हैं। सब बुद्धिमत्ता विसर्जित हो जाती है।



जहां केवल साक्षी, मात्र साक्षी शेष रह जाता है। लेकिन बुद्ध का प्रभाव उन लोगों में तत्क्षण अनुभव होता है, जो सोच-विचार में कुशल है। बुद्ध के साथ मनुष्य जाति का एक नया अध्याय शुरू हुआ। पच्चीस सौ वर्ष पहले बुद्ध ने वह कहा जो आज भी सार्थक मालूम पड़ेगा और जो आने वाली सदियों तक सार्थक रहेगा।

बुद्ध ने काफी कह दिया, जरूरत से ज्यादा कह दिया। जितना समझना जरूरी हो, उससे ज्यादा कह दिया। जितने से पूरी यात्रा हो सकती है, उतना कह दिया। पूरा सेतु निर्मित कर दिया, रास्ता पूरा साफ कर दिया।... काश! सुनने वालों में थोड़ी भी समझ होती, तो वहीं देखते जिस तरफ बुद्ध देख रहे हैं। बुद्ध क्या कहते हैं, यह समझना जरूरी नहीं है। बुद्ध कहां देखते हैं, वहां देखना जरूरी है। बुद्ध क्या बोलते हैं, यह व्यर्थ है। बुद्ध कैसे हैं, वही सार्थक है। बुद्ध की आंखों में क्या झलक रहा है, वह हमें खोजना चाहिए, बुद्ध के शब्दों में क्या झलक आ रही है, वह तो बहुत दूर की है। बुद्ध की आंखें बिलकुल खजाने के पास हैं।

बुद्ध ने कहा है:- मेरे पास आना, लेकिन मुझसे बंध मत जाना। तुम मुझे सम्मान देना, सिर्फ इसलिए कि मैं तुम्हारा भविष्य हूं, तुम भी मेरे जैसे हो सकते हो, इसकी सूचना हूं। तुम मुझे सम्मान दो, तो यह तुम्हारा बुद्धत्व को ही दिया गया सम्मान है, लेकिन तुम मेरा अंधानुकरण मत करना। क्योंकि तुम अंधे होकर मेरे पीछे चले तो बुद्ध कैसे हो पाओगे? बुद्धत्व तो खुली आंखों से उपलब्ध होता है, बंद आंखों से नहीं और बुद्धत्व तो तभी उपलब्ध होता है, जब तुम किसी के पीछे नहीं चलते, खुद के भीतर जाते हो।

कल्याण मित्र बुद्ध का शब्द है, गुरु के लिए। बुद्ध गुरु के शब्द के पक्षपाती नहीं, थोड़े विरोधी हैं। बुद्ध अनूठे मनुष्य हैं। वे कहते हैं कि गुरु शब्द विकृत हो गया है। हो भी गया है, उस दिन भी हो गया था। गुरुओं के नाम पर इतना व्यवसाय चला है- गुरुओं ने लोगों को कहीं पहुंचाया ऐसा तो मालूम नहीं होता है। कभी सौ गुरुओं में कोई एक गुरु होता होगा, निन्यानवे तो गुरु नहीं होते- सिर्फ गुरु-अभ्यास!

## स्पीड न्यूज

### झारखंड सेवा समिति ने प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित



**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति ने होटल शिवम इन में प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित। इसकी अध्यक्षता अमित कुमार सिन्हा ने किया ।आईसीएसई 10वीं में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया कुमारी, सीबीएसई 10वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पूजा सिंह, सीबीएसई 12वीं वाणिज्य में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले केशव अग्रवाल को सम्मानित किया गया।मुक्ति मंडल वनस्थली विद्यापीठ में लॉ की छात्रा कीर्ति जायसवाल जिन्हें फर्स्ट इन ऑर्डर ऑफ मेरिट इन फर्स्ट ईयर स्कॉलरशिप प्राप्त हुआ है उन्हें सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया। सिन्हा ने कहा कि इन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर संस्था गौरवान्वित महसूस कर रही है। समारोह में रंजन फौजी, राजेश कुमार, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, संजय दांगी,नंदकिशोर गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, कौशल सिंह, विनोद साहू, जीतू अग्रवाल, शैलेन्द्र ठाकुर, आनंद सिन्हा,नवनीत दयाल, नवनीत कुमार, आदि उपस्थित थे ।

### जायसवाल के पक्ष में नुक्कड़ सभा



**कुजू।** तोपा चौक में मंगलवार को हजारीबाग एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। सभा के माध्यम से केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी मौजूद लोगों को दी गयी। साथ ही मनीष जायसवाल के जीत के बाद होने वाले विकास योजनाओं बारे में बताया गया। बाद में सभी लोगों से आगामी 20 मई को मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। मौके पर राजकुमार, राजीव अग्रवाल, कृष्णा राम, नीतीश सिंह, विजय साहू, जयनंदन प्रसाद साहू, सिकंदर महतो, मुकुंद करमाली, चेतलाल प्रजापति, चंदन गुप्ता आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पथ सभा

**कुजू।** कुजू छठ बड़ा तालाब के पास आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत को लेकर पथ सभा किया। सभा की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू व संचालन भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू ने किया। सभा मे मुख्य अतिथि के रूप के भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया। वहीं आगामी 20 मई को अपने-अपने बूथ केंद्रों में जाकर कमल फूल छाप पर बटन दबाकर जायसवाल की जीत सुनिश्चित कराने का आग्रह किया। मौके पर आजसू जिला संगठन सचिव अरविंद कुमार, राजेश प्रसाद, सरिता सिंह राजू नायक, श्रवण सिंह, राजेश प्रसाद गुदुल, मुकेश साहू, लखन प्रसाद, श्यामलाल प्रसाद, श्रवण शाह, मथुरा साव, यमुना पांडेय,पंचीत महतो, हिमांशु गुप्ता, रवि पांडे,अमित केशरी, सोनू केशरी,सागर शर्मा, अभिषेक साहू, चंदन ठाकुर, गंगा देवी, वीना देवी, पूनम देवी, सावित्री देवी, उमा देवी, ललिता देवी, कुंती देवी, किरण देवी, गायत्री देवी सहित काफी संख्या के महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

### तोपा एसबीआई में चोरी का प्रयास विफल



**कुजू।** तोपा चौक स्थित एसबीआई शाखा में शनिवार रात चोरों ने वपबड़ी घटना को अंजाम देने में असफल रहे। चोरों द्वारा तोपा चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक तोपा शाखा के दीवार में लगे एग्जॉस्ट फैन को कबाड़कर अंदर घुसे। साथ ही लॉकर को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहे। इसके चोरों ने टाईमर मशीन व फैन को तोड़कर चलते बने। मामले की जानकरी तब हुई जब सोमवार को बैंक कर्मी बैंक पहुंचे। मामले को लेकर बैंक प्रबंधक द्वारा कुजू पुलिस को सूचना दिया गया है। सूचना पाकर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय पहुंच कर जांच किया। साथ ही बैंक कर्मियों से घटना की जानकारी लिया। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि जल्द चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर मौजूद लोगों ने बताया कि इन तोपा में चोरों द्वारा लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। ऐसे में पुलिस को तोपा में रोजाना गश्ति लगाने की जरूरत है। ताकि पुलिस के डर से चोरी की घटना कम हो।

### भुरकुंडा लोकल सेल में दावेदारी के लिए ग्रामीणों ने किया आंदोलन

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा लोकल सेल में अपने मजबूत दावेदारी और हिस्सेदारी के लिए भुरकुंडा हुरूमगढ़ा के सैकड़ों ग्रामीणों ने पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी के नेतृत्व में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध जताया है। इस दौरान ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक भुरकुंडा लोकल सेल में हमलोगो की दावेदारी और हिस्सेदारी पक्की नहीं होती है तब तक लोकल सेल को चालू नहीं करने दिया जाएगा। उग्र ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीसीएल के अधिकारी कुछ लोगों से मिलकर साजिश रचते हुए अपने नजदीकीयों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जबकि हम वंचितो और बेरोजगार विस्थापितो को नजरअंदाज किया जा रहा है। कहा गया कि सीसीएल के अधिकारियों के पक्षपाती रवैया के कारण एक सप्ताह पूर्व बहुत बड़ा विवाद होते-होते रह गया।

मनीष जायसवाल ने शुरू किया धुआंधार जनसंपर्क अभियान, कहा

# विकास की बात करती है भाजपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग/रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में हजारीबाग के लिए 20 में को मतदान होगा। अब महज 5 दिन ही शेष हैं। पिछले करीब 73 दिनों से लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में धुआंधार जनसंपर्क अभियान और जनसंवाद कर रहे एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने पिछले दो-तीन दिनों से अपने प्रचार का तरीका परिवर्तित किया है। जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हर करीब- करीब इलाके में कई बार दौरा करने और विशेषकर 1400 गांवों के मतदाताओं तक पहुंचने के उपरांत रामगढ़ क्षेत्र से विभिन्न व्यावसायिक और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक का दौर शुरू किया जो अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अन्य विधानसभाओं में भी पहुंच रहा है। सोमवार को जायसवाल ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में



क्षत्रिय समाज और प्रजापति कुम्हार समाज के बैठक में शामिल हुए और मंगलवार को उन्होंने मांडू विधानसभा क्षेत्र को फोकस किया और यहां करीब चार बैठकों में शामिल हुए। जिसमें मांडू स्थित शांति सरोवर होटल में मांडू प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के बैठक अक्षत बैंक्वेट हॉल परिसर में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेता शंकर करमाली के नेतृत्व में इस क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति समाज के बैठक में शामिल हुए और पंचायत प्रतिनिधियों एवं अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों से समर्थन मांगा। ग्राम बंजी में इस क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ विशेष बैठक किया और राष्ट्रहित में चुनाव में मतदान करने की अपील की। जायसवाल ने जनसंपर्क और जनसंवाद के दौरान क्षेत्र कि जनता से कहा कि विकास विरोधी लोग जात-पात की राजनीति करते हैं। कांग्रेस ने अंग्रेजों की तर्ज पर 60 वर्षों से अधिक समय तक देश में शासन किया और फूट डालो और राज करो की नीति के साथ हिंदुस्तानियों को जातियों में बांटकर देश का बंटाधार कर दिया। लेकिन भाजपा और एनडीए गठबंधन जात की नहीं, जमात की बात करती है। हम काम और सेवा के नाम पर जनता के बीच वोट मांग रहे हैं। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि तीसरी बार देश की सुरक्षा और विकास के लिए मोदी सरकार बनाकर कांग्रेस पार्टी को गहरा चोट दें ।

मौके पर जायसवाल के साथ विशेष रूप से रामगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, खिरोधर साहू, पंकज साहा, द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, अजय अग्रवाल, मुकेश साहू, शिव साहू सहित अन्य लोग साथ चल रहे थे।

# पंचमाधव में 16 मई को मप्र के सीएम मोहन यादव करेंगे सभा

**विस संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने अधिक से अधिक लोगों को आने का किया आग्रह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरही। बरही विधानसभा के संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही पटना रोड स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। पूर्व विधायक ने बताया कि पंचमाधव स्थित बरही आश्रम सह फुटबॉल मैदान में भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में 16 मई को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवजनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरम में है। मनोज यादव ने बरही विधानसभा सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से फुटबॉल मैदान पंचमाधव पहुंचकर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने जयसवाल को भारी मतों से विजय बनाने की अील की। पूर्व विधायक मनोज यादव ने बरही के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान भी मौजूद रहे। इसकी अध्यक्षता व संचालन मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने किया। इस श्री यादव ने कहा कि केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ इस बार फिर सरकार बनने जा रही है। मोदी सरकार इस बार 400 पार के साथ सरकार बनाएगी।

विधानसभा सहसंयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई डगर पर चला है। जनता को मिलने वाली सुविधाएं अब डिजिटल माध्यम से सीधे खाते में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का दो कार्यकाल मुख्य रूप से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संकल्प के मंत्र के साथ जन कल्याण के कार्य में लगी है। मौके पर मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, भगवान केशरी, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, खिरोधर यादव, युवा नेता आकाश जायसवाल, पप्पू चन्द्रवंशी, गौतम सिंह, संतोष निषाद, मनितोष यादव, दीनानाथ यादव, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, अमित सिंह, बालेश्वर यादव, लक्ष्मण कुमार, सुबोध केशरी, साधुशरण दास, कृपाल राणा, अशोक यादव, नारायण रविदास, प्रमोद सिंह, विनोद कुमार वर्णवाल, परमेश्वर यादव, अरुण कुमार सिंह, प्रदुमन सिंह, इंद्रदेव ठाकुर, पिंटू ठाकुर, सचिन यादव, रोहित यादव, भूपेंद्र यादव समेत अन्य सैकड़ो भाजपाई मौजूद थे।

### बनासो में बांग्लादेश के पर्यावरणविद् सम्मानित



**विष्णुगढ़।** ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण प्रदूषण आज विश्व के लिए गंभीर खतरा है। इससे निजात पाने का संदेश लेकर बांग्लादेश का युवक संपूर्ण विश्व की यात्रा पैदल पूरी करने को ठानी है। 28 वर्षीय सैफुल इस्लाम शांतो बांग्लादेश के कोमिला जिले के देबीद्वार सदर के निवासी हैं। 22 मार्च से उन्होंने अपनी यात्रा की शुरूआत बांग्लादेश की राजधानी ढ़ाका से की है। सोमवार को वे विष्णुगढ़ पहुंचे। जहां पर्यावरणप्रेमी सुरेश राम के नेतृत्व में स्वागत किया गया। स्वागत से काफी अभिभूत होकर उन्होंने लोगों से मिलवाया कई कार्यक्रमों में भाग लिवाया और आभार जताया।

भारत में मिल रहे व्यापक प्यार और सहयोग के लिए उन्होंने भारतीयों की काफी सराहना की। सैफुल वर्ष 2022 में भी इसी संदेश को लेकर बांग्लादेश के 64 जिलों की पैदल यात्रा कर चुके हैं।

## झामुमो ने की पटेल को जिताने की अपील

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर के समुंदर टोला में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मालवीर बेदिया एवं संचालन उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया सहित प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने मतदाताओं के बीच जनसंपर्क कर



महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में 20 मई को जिताने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को संविधान की रक्षा एवं आरक्षण बढ़ाने के लिए जीत दिलाने की बात कही। कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल के जीत के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। सभी बेरोजगारों के लिए नये रोजगार का सृजन किया जायेगा। श्री बेदिया ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना है। तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा।

### सीबीएसइ 10वीं में भुरकुंडा का उमर फारूक बना टॉपर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल एकेसी अस्पताल भुरकुंडा में कार्यरत फारूक रजा और नवसावा अंजुम का पुत्र सह डीएवी बरकाकाना स्कूल का छात्र उमर फारूक ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर छात्र बनने का गौरव पाया है। छात्र की इस सफलता पर डीएवी बरकाकाना स्कूल में समारोह पूर्वक उमर फारूक को प्राचार्य डॉ. मुस्तफा मजीद द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उमर फारूक की सफलता से गदगद पिता फारूक रजा और माता नवसावा अंजुम ने कहा कि बच्चों की सफलता ही माता-पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है। बच्चों की कामयाबी माता-पिता के लिए सर्वोपरि होता है। इधर उमर फारूक ने अपनी सफलता को श्रेय माता-पिता, गुरूजनों का मार्ग-दर्शन और अपनी कठिन परिश्रम को दिया है। उमर फारूक आगे एनईईटी की पढ़ाई कर मेडिकल सेवा में योगदान देना चाहता है।

## सीबीएसइ 12वी में ए ला एंगलाइज का शानदार प्रदर्शन

**▸▸ स्वप्निल कुमार बने स्कूल टॉपर, शत-प्रतिशत रिजल्ट**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के स्वप्निल कुमार ने 87.8 प्रतिशत अंक लाया, जबकि सोनू कुमार 83.8, कनक कुमारी 83.6, विद्या शर्मा 78.8, स्नेहा महतो ने 78.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप फाइव की सूची में शामिल है। विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। सोनू कुमार व कनक कुमारी ने आईटी में 100, विभूति राज अंग्रेजी में 93, स्वप्निल कुमार गणित 93, सोनू कुमार पीएचई में 91, स्वप्निल कुमार भौतिकी में 86 व रसायण में 85, मोनू कुमार जीव विज्ञान में 75 व भूमिका राज हिन्दी में 63 अंक लाकर विषयवार टॉपर बने हैं। प्राचार्य विजयंत कुमार और शिक्षकों ने छात्रों को दी बधाई।

## अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के छात्रों की भी शानदार सफलता

**10वीं में समृद्धि बनीं स्कूल टॉपर, 12 वीं कॉमर्स में निशि व साइंस में वाणी अव्वल**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई परीक्षा में श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं में समृद्धि कुमारी 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की टॉपर बनी। वहीं आदित्य कुमार अग्रवाल ने 94.8, कुमारी ओनम 94.8, निशत फातमा ने 91.6, वैभव कश्यप साव ने 91, सौरव कुमार ने 90.4, रोहिणी कौशल ने 88.2, रिशु गुप्ता ने 88, मो आकिब जावेद ने 87.8, श्रेया कुमारी ने 86.6, रौनक कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त किया।

क्लास 12वीं साइंस में वाणी व कॉमर्स में निशि कुमारी ने स्कूल टॉप किया। वाणी को 92.4 व निशि को 86.2 प्रतिशत अंक मिला है। इसी प्रकार साइंस में देव कुमार ने 89.6, सुजल कुमार ने 84.2, कॉमर्स में अभय उरांव ने 85.2, फातमा फिरदोसी ने 70 प्रतिशत अंक के साथ टॉप थ्री में स्थान बनाया। अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से स्कूल का मान बढ़ाया। स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि बच्चों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है। बच्चे अब अपने करियर के प्रति और गंभीर होकर पढ़ाई करें। निदेशक (एकेडमिक) एसके चौधरी ने कहा कि बच्चे भविष्य में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे, विद्यालय परिवार की यही शुभकामना है। विद्यार्थियों की सफलता पर अरविंद दुबे, दीपिका तिवारी, साधना सिन्हा, सूरज कुमार, अंकित विश्वकर्मा, नीलू श्रीवास्तव, एचके सिंह, सूफियान अख्तर, जीशान अख्तर, कुमुल कुमार, रीतिका, विनोद मिश्रा, दिव्यांश कुमार समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

## एक नजर में

### जेपी पटेल की जीत निश्चित : केदार पासवान



**बरही।** हजारीबाग लोकसभा के बरही विधानसभा अंतर्गत प्रखंड परिसर में आयोजित कांग्रेस के चुनावी जनसभा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित किया। उनके साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष सह लोकसभा चुनाव झारखंड प्रदेश के स्टार प्रचारक केदार पासवान ने बरहीवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम थोड़ा विलम्ब शुरू हुआ, बावजूद इसके बरही समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों ने जिस चट्टानी एकता और समर्थन का परिचय दिया, वह कबीले तारीफ है। जिससे बरही की पावन धरती पर ऐतिहासिक कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसके लिए उन्होंने समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही हजारीबाग लोकसभा वासियों से उन्होंने अपील की कि जेपी पटेल को हजारीबाग क्षेत्र से जीता कर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें ताकि देश की दिशा और दशा दोनों बदला जा सके ।

### विष्णुगढ़ में जेपी पटेल ने चलाया जनसंपर्क



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने समर्थकों के साथ विष्णुगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि विपिन सिन्हा कांग्रेस पूर्व झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव झामुमो केंद्रीय सदस्य टेकोचंद महतो, अध्यक्ष अब्बास अंसारी अध्यक्ष कपिल देव चौधरी सचिव संजय प्रजापति कासुंभा मुखिया दुलारचंद महतो, भेलवारा , मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, मुखिया रामचंद्र यादव, माले नेता दुलारचंद साव, पंचायत समिति सदस्य महताब आलम, मुखिया तपेश्वर रजक, उत्तम चंद महतो, महेंद्र राम, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, सुरेंद्र मिश्र, जगदीश वर्मन, पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो, मिट्ठू यादव, अख्तर अंसारी, नारायण यादव, देवी राम हेंब्रम, छोटेलाल बेसरा, रामलाल सोरन, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने जायसवाल के लिए मांगा वोट

**चरही ।** भाजपा चुरचू मंडल के द्वारा प्रखंड के चीचीकला,चुरचू, बोदरा, जमडीहा, गोंदवार,चनारो, इंद्रा गांव में भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया।इस क्रम में मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क कर हजारीबाग लोकसभा से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए वोट मांगा।लोगों से अपील करते हुए कमल के निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया गया। तथा लोगों के बीच मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में जनहित में किये गए कार्यों के बारे में भी बताया गया। दौरे में मुख्य रूप से प्रयाग राम,राजेन्द्र पासवान,पप्पू पासवान शशि कुमार,संजय कुमार,रोहित महतो,प्रवील यादव,रूपलाल यादव, पवन साहू,राजेंद्र साहू,रुपलाल राम, लखन शर्मा,अनिल महतो,ओम सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा ने मंगल बाजार में चलाया जनसंपर्क

**टाटीझरिया।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगल बाजार टाटीझरिया, बन्हें, केशवडीह, बेड़म, सिझू और कोल्हू गांव में पार्टी प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने जनसंपर्क कर हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जिताने की अपील किया। भाजपा कार्यकताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किए गए कार्यों को ग्रामीणों को बताया। अभियान में मांडू विधानसभा क्षेत्र के संयोजक रंजीत सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, एमके पाठक, संतोष मंडल, राजेश यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, निखिल सिंह, लोकनाथ गोप, विजय ठाकुर, दशरथ प्रजापति, सुखदेव पांडेय, संदीप चौधरी व अन्य शामिल थे।

### भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने मांगा वोट

**विष्णुगढ़ ।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अन्य दौरों के साथ 13 मई को विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पश्चिमी मंडल का भी दौरा किया। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो,जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिन्हा,महामंत्री निशिकांत सिंह व राज करण पांडेय,रवि कुमार पांडेय ने टीम बनाकर विष्णुगढ़ में डोर टू डोर जाकर मतदाताओ से जनसंपर्क किया। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्र हित में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में एक कर्मठ उम्मीदवार मनीष जायसवाल मिला है, उन्होंने अपने कार्यकाल में सैकड़ों गरीब बेटियों का कन्यादान कराया है। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खोशलाल राम, विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास,भाजयुमों मंडल उपाध्यक्ष कुन्दन शर्मा,भाजयुमों मंडल मंत्री नीतीश कुमार बरनवाल, संदीप कुमार कसेरा,अनुज पाण्डेय,रंजन मोहन लाल( राजा बाबू),पवन साव,धनजंय कुमार,सुरेश कुमार दास,टेकलाल राम,रामु रविदास,त्रिलोकी रविदास,बबलू कुमार दास,कैलाश राम समेत काफी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता,महिलायें एवं पुरुष उपस्थित थे।

### नर्सिंग दिवस पर सीसीएल सभागार में सेमिनार

**चरही।** मेडिकल विभाग हजारीबाग के तत्वाधान में सीसीएल के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेंट एवं जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया।मंच संचालन डॉ.एपी कर रहे थे।जबकि बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल हजारीबाग एरिया के महाप्रबंधक केके सिन्हा और विशिष्ट अतिथि ईएसईसी अस्पताल नामकुम रांची के डॉ. कशमीरा जिलानी थे।उपरोक्त अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।वक्ताओं ने बायोवेस्ट मेनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर बहुत ही रोचक तथा ज्ञानवर्धक जानकारियां दी गई।मौके पर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रीति शर्मा ने भी सेमिनार मेंअपने विचार को।रखते हुए सभी स्वस्थ कर्मियों को बेहतर तथा समर्पित भाव से स्वस्थ सेवा के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में विशाखा सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में जागरूकता आयेगी। पर्यावरण को संरक्षण में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. स्वेता,डॉ. पूजा, डॉ. शहनवाज, वित्त प्रबंधक सहित अधिकारी पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों का अहम योगदान रहा।

### सीबीएसई 10वीं व 12वीं में पतरातू ओपी जिंदल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 12वीं में नमन विवेक 93.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर छात्र बना है। खुशी कुमारी गुप्ता 92.8, कुणाल दफादार 92, क्रिश राज 90.2, नैंसी कुमारी 90.2 प्रतिशत ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। जबकि कक्षा 10वीं की ज्योति कुमारी 95 व रितेश सिंह 95 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय टॉपर बने है। वहीं उत्सव राज 94.8, सृष्टि कुमारी 94.4, अंशिका द्विवेदी 94.2, कौशल कुमार 93.4, राज वैभव चौधरी 93.4, अनुष्का कुमारी 93.2, रिशिका रानी 92.2, आर्यन कुमार 92, आदर्श कुमार 91.8, जया कुमारी 91.8:, खुशबू कुमारी 91.4, अनुष्का द्विवेदी 91.2, अंशु राज 91, गौरव मित्तल 90.4, आर्यवीर 90.2 प्रतिशत ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

## सीएम सुशील मोदी के निधन पर शोक

**चंदवा।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर स्थानीय भाजपाइयों ने शोक व्यक्त किया है। भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि स्वर्गीय मोदी ने अपने जीवन में हमेशा आदर्श को ऊपर रखा। वे कुशाग्र बुद्धि एवं व्यक्तित्व के सरल इंसान थे। श्री साहू ने बताया कि उनके आह्वान पर स्वर्गीय मोदी झारखंड भी आए थे। उन्होंने बिहार के विकास के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। सुशील कुमार मोदी जी का आकस्मिक निधन भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके अलावे मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, विनोद कुमार बिनु, विनोद कुमार गुड्डू, महेंद्र अग्रवाल,राजकुमार पाठक, राजेश चंद्र पांडेय,नरेश प्रसाद,दीपक निषाद, गोपाल जायसवाल, राजेंद्र यादव समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## पागल कुत्ते ने चार वर्षीय बच्चा पर किया हमला

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बैठेठ ग्राम में मंगलवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा है 4 वर्षीय बच्चा मोहम्मद हुसैन पिता मोहम्मद अली हसन पर एक पागल कुत्ता ने हमला कर दिया इसके बाद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद हसन घर के बाहर खेल रहा था इसी बीच एक कुत्ता आकर उस पर हमला कर दिया। ईसी बीच आसपास के लोगों द्वारा काफी मशक्कत के बाद पागल कुत्ते से बच्चों को बचाया। जिससे बच्चा का नाका उजड़ गया। एवं आंख के नीचे गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।

## भाजपा के चुनावी कार्यालय का उदघाटन

**बरवाडीह ।** मंगलवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मैन रोड में और छिपादोहर मण्डल अंतर्गत बस स्टेंड के समीप भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को प्रचण्ड मतों से जीत दिलाने को लेकर मण्डल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिए और तन मन धन से जुट जाने का आह्वान किया। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, किसान मोर्चा मंडल मनोज यादव, मुकेश सिंह, पारस जयसवाल, मण्डल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, ओमप्रकाश साहू, सोशल मिडिया प्रभारी संतोष सिंह, मनोज सिंह, दिलीप यदुवंशी, अमरेंद्र रजक, कार्यकारणी महामंत्री रीना देवी और रीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## कपड़ा व्यवसाई के घर में हुई चोरी, छानबीन में जुटी पुलिस

**बरवाडीह ।** प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड निवासी बिमलेश सिंह के घर में सोमवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देते हुए घर के कमरें में रखे दुकान के स्टॉक कपड़े के साथ लगभग 25 हजार नगद पैसे और अन्य सामग्री की चोरी कर ली गई। बिमलेश सिंह ने बताया कि सोमवार की रात्रि चोरो के द्वारा घर में घुस कर हमारे कमरें को बाहर से बंद कर दिया गया और बगल के कमरें में रखे दुकान के स्टॉक कपड़ो के साथ अन्य सामान की चोरी कर की गई।

### लाखो की लागत से अलौदिया के हरैया में बना आंगनबाड़ी भवन

# पहुंच पथ के अभाव में उपयोगिता शून्य

**लगभग 5 वर्ष पूर्व में बन चुका है भवन, लेकिन किराए के मकान में चलता है आंगनबाड़ी**

खबर मन्त्र संवाददाता


हरैया में बना आंगनबाड़ी भवन

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड के अलौदिया ग्राम अंतर्गत हरैया में लाखों की लागत से बना आंगनबाड़ी भवन सोभा की वस्तु बन कर रह गयी है। आंगनबाड़ी भवन के बने लगभग 5 वर्ष हो चुका है, लेकिन अब तक भवन में आंगनबाड़ी का संचालन नही हो पाया है। इसका मूल कारण है कि भवन को ऐसे स्थान पर बनाया गया जहां पहुंच पथ ही नही हैं व चारो तरफ से बाउंड्री किया हुआ है, जिस कारण केंद्र तक पहुंच पाना असंभव है। नई आंगनबाड़ी सेविका चयनित होने के बाद सेविका विद्या रानी किसी प्रकार किराए पर मकान लेकर केंद्र का संचालन कर रही है। जिसका खर्च वह स्वयं अपनी जेब से वाहन करती हैं। कई बार उक्त समस्या को वह विभाग के अधिकारियों तह भी रख चुकी है। लेकिन हर बार मामला रास्ता केंद्र तक कैसे पहुंचे इस बात पर जाकर अटक जाती है।

**पूर्व में प्रखण्ड उप प्रमुख ने उठाया था मामला**

बता दें कि लगभग एक वर्ष प्रखण्ड के उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने प्रखण्ड प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान हरैया आंगनबाड़ी केंद्र जाने के लिए रस्ता निकालने की मांग की थी। जिसके बाद अंचल की टीम ने जिसमे यह तथ्य सामने आया था, कि जिस जगह पर उक्त केंद्र बना हुआ है वहां जाने के लिए कोई रास्ता नक्सा में हैं ही नही। आसपास जो भी जमीन है वह रैयती है, ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि ऐसे स्थान पर लाखों की लगत से भवन बनाने का क्या औचित्य है, जिसका उपयोग ही न हो।

## इस बार लोकसभा चुनाव में 81,963 मतदाता चंदवा में करेंगे मतदान

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी चंदन प्रसाद अपनी पूरी टीम के साथ सभी तैयारियों को पूर्ण करने के लिए पूरी तन्मयता के साथ जुटे हैं। लोकसभा चुनाव में इस वर्ष प्रखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 81963 है, इनमें पुरुष मतदाता 40811 एवं महिला मतदाता 41152 हैं। प्रखंड में कल 97 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 12 आई एस आर( क्लस्टर )बनाए गए हैं। प्रखंड में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 349 है एवं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 553 है। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। सभी बूथों पर मतदाताओं के सहायता के लिए चार-चार वालंटियर नियुक्त किए गए हैं, जिनकी उम्र 17 से 18 वर्ष की होगी। जो बीएलओ को सहयोग प्रदान करने करेंगे। मतदान कार्य के लिए कुल 97 बीएलओ, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 10 सुपरवाइजर 12 क्लस्टर प्रभारी बनाए गए हैं। चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय से 80 कर्मचारी को मतदान कार्य में प्रतिनियुक्ति किया गया हैं जबकि प्रखंड शिक्षा विभाग की तरफ से 313 कर्मचारियों को मतदान कार्य में लगाया गया है। इस प्रकार प्रखंड में कुल 393 कर्मचारी मतदान कार्य में लगाए गए हैं। प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि लोग निर्भीक हो कर शांति पूर्वक मतदान कर सकें।

# इस बार का चुनाव देश का भविष्य तय करेगा : रविराज

**आलौदिया और कामता में बूथ स्तरीय कार्यकताओं के संग बैठकों का दौर**

भाजपा के जनता के बीच जाने के है कई कारण, उपलब्धियों से भरा है कार्यकाल

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते लोग

चंदवा। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकताओं के बीच जाकर बूथ जीतने की रणनीति तय कर रही है। ग्रामीणों क्षेत्रो के अलावा बूथ स्तरीय कार्यकताओं के संग भी प्रतिदिन बैठकों का दौर जारी है। बूथ स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रविराज ने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। यह चुनाव विकसित भारत का नींव रखने का काम करेगा। तीसरा कार्यकाल देश को बहुत कुछ देने का है, उन्होंने कार्यकताओं से अपने-अपने बूथों पर बड़ी जीत करने का लक्ष्य निर्धारण करने को कहा। रविराज ने कहा कि कार्यकर्ता को जनता के बीच वोट मांगने हेतु जाने में जरा भी संकोच नही करना चाहिए। मोदी सरकार ने दो टर्म के कार्यकाल में देशवासियों के लिए इतना कुछ किया है कि हम गर्व के साथ सर उंचा उनसे वोट मांग सकते हैं। महिलाओं के सम्मान के साथ उनके हक और अधिकार की बात भाजपा की मोदी सरकार ने की है। बूथ स्तरीय बैठक में कामता पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, आलौदिया प्रभारी रामप्रसाद साहू,पंचायत अध्यक्ष अमित गुप्ता, बबलू सोनी,टशन कुमार, कृष्णा कुमार, प्रदीप ठाकुर ,मंटू सोनी, विजय साव, धीरज कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

# कांग्रेस युवा जिला महासचिव मजहर खान ने लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का किया अपील

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर मौजूद लोग

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के ओरसा पंचायत के सुरकई पाठ में कांग्रेस युवा जिला महासचिव मजहर खान के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। लोगों के घरों में जाकर वोट का महत्व भी बताया गया। इसके उपरांत बैठक का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मजहर खान ने कहा कि हमें इस कांग्रेस के चतरा लोक सभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को अपना बहु मूल्य वोट देकर राहुल गांधी के हाथों को हम सभी को मिलकर मजबूत करना है। ताकि आने वाला कल हम लोगों का सुनहरा हो सके। यह आप सभी से मेरा अपील है कि 20 मई को सबसे पहले आप अपने-अपने बुथों में जाकर मतदान करेंगे उसके बाद ही कोई कार्य करेंगे। वहीं असताज अंसारी, रानू खान एवं लक्ष्मण जायसवाल के द्वारा कांग्रेस का मेनिफेस्टो भी लोगों के बीच पढ़ कर सुनाया गया और कहा गया कि अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो लोगों को इस मेनिफेस्टो के हिसाब से जो भी सुविधा लिखी हुई है सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उपस्थित लोगों के द्वारा सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद आदि नारे भी लगाए गए। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रानू खान, उस्ताद अंसारी लक्ष्मण जायसवाल, एवं ओरसा पंचायत के सलमान अंसारी, दीपक नगेसिया, नूर आलम, भीम नगेसिया, राजेंद्र नगेसिया, सरोज नगेसिया, ओजीना टोप्पो, मुन्नी नगेसिया, अनिमा नगेसिया समेत काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

## बालूमाथ ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

खबर मन्त्र संवाददाता


सफल बच्चे

**बालूमाथ।** बालूमाथ ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें विद्यालय की छात्रा रही राजश्री यादव ने 94.6% अंक लाकर बालूमाथ प्रखंड के टॉपर बनी दूसरे नंबर पर मो. होजैफा 91.4% अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। स्कूल के प्रधानाचार्य सरताज आलम ने स्कूल के विद्यार्थियों को प्रखंड टॉपर बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई दिया ।मौके पर बोलते हुए उन्होंने टॉपर छात्राओं की तारीफ करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया और कहा ये सभी आगे चलकर झारखंड का नाम रोशन करेंगे। मौके पर शिक्षक संजय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, सुशील सोरेन, इकबाल शेखावत सुनील यादव अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## महुआडांड़ः चतरा लोकसभा से बसपा प्रत्याशी नागमणी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते अतिथि

**महुआडांड़।** बसपा के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी नागमणी अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को महुआडांड़ पहुंचे व जनसंपर्क अभियान चलाकर डोर टू डोर लोगो से मिले और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे यहां की समस्याओं से वे पुरी तरह से अवगत है। वे हमेशा दुख सुख में ग्रामीण जनता के साथ खड़े रहेंगें। जनसंपर्क अभियान में मो. नेजाम गद्दी, बसपा के चतरा लोकसभा प्रभारी हाजी जैनुल आबदीन, लातेहार जिलाध्यक्ष ह्रदयाल सिंह खेरवार, समाजसेवी जावेद अख्तर, करीम, कौशर अली, मो. हैदर अली, आदि कार्यकर्ता व समर्थक थे।

**बसपा का चुनावी कार्यालय का भी हुआ उद्घाटन :** महुआडांड़ पहुंचे बसपा प्रत्याशी नागमणी ने मंगलवार को बसपा का चुनावी कार्यालय का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र की आम नागरिकों से मेरा राजनीतिक संबंध ही नही ब्लकि व्यक्तिगत एवं पारिवारिक संबंध भी है। इस संबंध को कोई भी दल नही रोक सकता है। मौके पर काफी संख्या में बसपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में किया प्रचार


प्रचार करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में भाजपा कार्यकताओं ने प्रचार प्रसार अभियान चलाया। जिसके तहत बालूमाथ प्रखंड के शेरेगड़ा, गणेशपुर, बसिया, भगिया मुरपा, मारंगलोइया, बालू, रजवार मासियातु चेताग समेत सभी पंचायतों में भाजपा पंचायत के संयोजक सह संयोजक बूथ अध्यक्ष के द्वारा प्रचार प्रसार करते हुए एवम आपकी बार 400 पार संकल्प लिया गया एवं नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही मुफ्त राशन,पीएम आवास, पीएम किसान से मिल रहे लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपाईयों ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


जनसंपर्क अभियान चलाते भाजपा कार्यकर्ता

**बारियातू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने बारियातू प्रखंड क्षेत्र में कई गाँवो का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। भाजपा कार्यकर्त्ता अरविन्द सिंह, बिजय सिंह, अरविन्द प्रसाद डब्लू, बलदेव प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, देवनंदन साव, ब्रजमोहन राम संतोष प्रसाद, बालदेव यादव सहित अन्य कार्यकत्ताओं ने रुद, डुमरा, मंजुआखाड़, सुराँगीटोला, हेरनहोपा, चेटूआग, बरछिया, मतकोमा सहित कई गाँवो का दौरा कर भाजपा का वोट करने के लिए जन संपर्क अभियान चलाया। वहीं लोगो से मोदी जी की दस वर्ष कार्यकाल में आमजनों को दिए गए कई महत्त्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। साथ ही लोगों से कमल फूल छाप में वोट देकर विजयी बनाने का अपील किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, माशूम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# नौ साल की बच्ची के साथ बलात्कार, अरोपी को ग्रामीण ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार करती पुलिस

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अक्सी गांव में सोमवार रात को 9 साल की बच्ची के जंगल में लेकर तीन बार व घर में लाकर एक बार बलात्कार किया। अरोपी अर्पण कुजूर ने बच्ची के घर ट्यूशन पढ़ने के बहाने गया हुआ था। जहां सभी बच्ची बिस्कुट खिलाकर पीड़ित बच्ची पेशाब कराने के बहाने घर से बाहर निकला। बाहर निकाल कर जंगल लेकर मुंह बंद कर दुष्कर्म किया। आधी रात को जंगल से घर लेकर आया। इधर बच्ची की गायब होने की सुचना पर परिवार के सदस्य के साथ-साथ पूरे गाँव वाले पूरे गाँव व जंगल में घुमकर खोजा। बच्ची और अरोपी के नहीं मिलने पर सभी गाँव के लोग अरोपी के घर आये। जहां पीड़ित बच्ची और अरोपी मिले। वहीं गांव वाले अरोपी को पकड़कर सुबह तक बांध कर रखा।

सुबह पुलिस को सुचना देकर उसके आने पर अरोपी को पुलिस के हवाले किया। अरोपी की धर पकड़ के लिए पूरा गाँव सहित पूर्व मुखिया बिरिजियना कुजूर के नेतृत्व में लगा रहा। पीड़ित बच्ची की हालत गंभीर होने पर अस्पताल में इलाज कर मेडिकल जांच के लातेहार भेजा। वहीं अरोपी को जेल भेजा गया।

# बूथों के निर्धारण में अवैज्ञानिक तरीके से होने के कारण सरोजनगर के वोटर परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एक ओर जिले की उपायुक्त शत-प्रतिशत मतदान को लेकर प्रयासरत है। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए रोजना नये-नये कार्यक्रम हो रहे है। स्वीप कार्यक्रम के तहत भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, मतदाता व मतदान कर्मियों को भी हर संभव सहायता व सुविधा देने की बात कही जा रही है। बावजूद अलौदिया पंचायत वासियों की मुसिबत कम होती नहीं दिख रही है। इसका मुख्य कारण बूथों के निर्धारण में अवैज्ञानिक तरीके से काम करना है। बताते चले कि अलौदिया पंचायत को रेलवे लाइन दो भागों में बांटती है, पूरे पंचायत में सफल चुनाव संचालन को लेकर कुल सात बूथ बनाये गये है। बूथ नंबर 301 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौदिया में बनाया गया है, जबकि इस के अधिकांश वोटर सरोज नगर मोहल्ले के है। मोहल्ला वासियों को रेलवे क्रासिंग पार कर करीब तीन-चार किमी की दूरी तय कर बूथ पहुंचना होगा। पूर्व में टोरी रेलवे स्टेशन में महज चार पटरियां थी, सरोज नगर मोहल्ले के लोग आराम से पटरी पार कर बूथ पहुंच जाते थे, लेकिन अब स्थिति बदल गई है व रेलवे का फैलाव हो चुका है। अब दस पटरियां हो चुकी है, प्लेटफॉर्म भी बढ़ गये है, ऐसी स्थिति में सरोज नगर के लोगों को बूथ तक जाना काफी कष्टकारी होगा। एनएच होते रेलवे स्टेशन का चक्कर लगाकर बूथ तक जाने में करीब तीन-चार किमी की दूरी तय करनी पड़ेगी। रेलवे क्रासिंग में जाम का झंझट अलग, इस चिलचिलाती गर्मी में बुजूर्गों के लिये यह काफी कष्टकारी होगा। पूर्व में भी मोहल्ला वासियों ने इसका विरोध किया था, इस समस्या से संबंधित आवेदन भी तात्कालीन बीडीओ को दिया था, इसके बाद यह समस्या दूर हो गयी थी। पंचायत चुनाव के दौरान सरोज नगर के लोगों ने नजदीक स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में बने बूथ में मतदान किया था। इस बार फिर से कर्मियों की गलती के कारण मोहल्ला वासियों को परेशानी में डाल दिया है।

## चंदवा की बेटी सपना कुमारी सीबीएसई इंटर परीक्षा परिणाम मे बोकारो जिला टॉपर बनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हुटाप पंचायत निवासी संजय साव की पुत्री सपना कुमारी सीबीएसई बोर्ड 12 वीं की परीक्षा मे 96.8 प्रतिशत अंक ला कर बोकारो जिला मे प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉपर बनी एवं चंदवा प्रखंड का नाम रौशन की। परिणाम देखते ही माता सुनीता देवी की आँखों मे खुशी का आंसु टपक पड़ा एव परिवार के सभी सदस्यों मे खुशी का उत्साह बन पड़ा सपना कुमारी कुमारी को मुंह मिठा कर उन्हें शुभकामनाये दी गई और उज्वल भविष्य की कामना की गई !

**आईएएस अधिकारी बनना चाहती है सपना :** सपना कुमारी अपनी मेहनत से परिणाम पर पुरी तरह संतुष्ट है, उसे भरोसा था की जिस तरह तैयारी की थी उसका परिणाम देखने को मिला। आगे वाह बताती है की मुझे आगे पढ़ कर आईएएस अधिकारी बनने का सपना है और अपने माता पिता परिवार साहित प्रखंड का नाम रौशन करूंगी और देश की सेवा करना चाहती हुँ। सपना इस परिणाम का श्रेय अपने शिक्षक और माता पिता को दी है उन्होंने ने कहा की मेहनत कभी बेकार नही जाती परिश्रम का फल बहुत अच्छा होता है। हमने पढ़ाई के लिए पुरी मेहनत की जिसका परिणाम है की आज मुझे बेहद खुशी महसूस हो रही है।

# मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी क्षेत्र में महिलाओं ने जमकर किया मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** पलामू लोकसभा सीट पर 9 उम्मीदवार के भाग्य के फैसला के लिए मतदाताओं ने उत्साहित होकर चिल्लाती धूप में लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वहीं बुजुर्ग महिला-पुरुष, नए मतदाता एवं विकलांग भी पीछे नहीं रहे। सभी ने अपने मत का प्रयोग किया। पलामू लोकसभा सीट पर बीजेपी से दो बार से रहे सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम एवं इंडिया गठबंधन के राजद उम्मीदवार ममता भुइंया के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इसी क्रम में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी अंचल क्षेत्र में जबरदस्त वोटिंग हुई। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरुष की संख्या से महिलाओं ने अधिक मतदान किया।



मतदान के लिए कतार में खड़े लोग।

मिली जानकारी के मझिआंव अंचल क्षेत्र में 61.65 प्रतिशत के साथ 35,063 मतदाताओं ने वोटिंग किया जिसमें महिला मतदाता बढ़-चढ़कर भाग ली। जिसमें 66.27 प्रतिषत के साथ 18,035 महिलाओं ने मतदान किया। वहीं 57.48 प्रतिशत के साथ 17,028 पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में के साथ 18,699 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 52 प्रतिशत के साथ 9,693 महिला एवं 48 प्रतिषत के साथ 9,006 पुरुष मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया। वहीं कांडी अंचल क्षेत्र में 55 प्रतिषत के साथ कुल 45,780 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें महिला 23,571 एवं पुरुष 22,209 मतदान किया। इस तरह तीनों अंचल क्षेत्र में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नए मतदाता सौम्या लक्ष्मी एवं पूजा कुमारी ने बताई कि पहली बार वोटिंग करने आई हूं और राष्ट्र हित में मैं अपना मतदान कर रही हूं। वहीं कई बुजुर्ग महिला एवं पुरुष ने कहा कि राष्ट्र हित में मतदान करना जरूरी है। बताते चलें कि मझिआंव अंचल क्षेत्र में मोरबे, खरसोता, राधा कृष्ण बालिका विद्यालय मझिआंव, पुरहे के बालूगंज सहित कई मतदान केंद्रों पर लंबी लंबी लाइन लगी रही। वहीं बालूगंज में लंबी लाइन होने के कारण कुछ मतदाता मतदान नहीं किया। बालूगंज में लगभग 7 बजे तक मतदान कराया गया। इधर मतदान संपन्न के बाद निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सीओ, शंभू राम, विजय राम ने कहा कि क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुई। शांतिपूर्वक मतदान को लेकर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार, बरडीहा थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव एवं कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दलबल के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और शांतिपूर्ण मतदान करवाया।

## स्पीड न्यूज

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन




वितरण करते संस्था के सदस्य।

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में सुरेश जायसवाल के पुत्र सुधांशु कुमार ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया। मौके पर सुधांशु ने बताया कि सोशल वर्कर संस्था का फूड फॉर हंगर का यह प्रोजेक्ट काफी सुंदर है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, बिकु राजदेव, राज कश्यप, लक्की मधेसिया, अशोक केशरी, रामजी राम, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

### सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगी

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत झगराखांड़ निवासी संतोष कुमार यादव ने जिला जन सूचना पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पीड पोस्ट के माध्यम से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत राजकीय कृत उच्च विद्यालय झगराखांड़ से संबंधित जानकारी की मांग की है। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक का विद्यालय विकास राशि एवं विद्यालय रख रखाव राशि का आय व्यय का ब्यौरा मदवार वर्षवार बिल सहित, वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2023-24 तक कितने भवन का निर्माण किया गया है। पूर्ण अपूर्ण की स्थिति आय व्यय का ब्यौरा रेकड़ पंजी की छायाप्रति, वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) बैठक पंजी की छायाप्रति, वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक वर्षवार कोटिवार छात्रवृति भुगतान पंजी की छायाप्रति तथा जन सूचना पदाधिकारी के प्रथम अपीलीय पदाधिकारी के नाम व पत्राचार के पता की मांग शामिल है।

### डेढ़ माह से रमेश रावत लापता



जानकारी देती रमेश की मां मोदरी कुंवर।

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका निवासी 45 वर्षीय रमेश रावत पिछले डेढ़ माह से गुमशुदा है। जिसको लेकर उसकी वृद्ध 65 वर्षीय मां मोदरी कुंवर ने भवनाथपुर थाना में गुमसुदगी की सनहा दर्ज करायी है। इस संबंध में मोदरी ने बताया के डेढ़ माह पूर्व घर से मेरा पुत्र अचानक अपने घर से गायब हो गया। सगे संबंधी के पास काफी खोजबीन के बाद थाना में अपने पुत्र की खोजने की गुहार लगायी है। कहा कि मेरा रमेश इकलौता पुत्र है, जीवन का सहारा है। रमेश थोड़ा मानसिक विक्षिप्त भी बताया जाता है। उसने लोगों से भी पुत्र को खोजने की गुहार लगायी है। किसी प्रकार की जानकारी मिलने पर इस मोबाइल नंबर 9508355027 पर सूचना देने की गुहार लगाई है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी हीरो सिंह की पत्नी रीता देवी मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रीता अपने भाई के साथ डोल से छत्तीसगढ़ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही थी। इसी क्रम में रानीचेरी के पास ब्रेकर पर चलती मोटरसाइकिल से गिर गई। जिसके बाद चिनिया स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में एक यूवक घायल

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी नरेश शाह का पुत्र प्रवेश शाह मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रवेष मोटरसाइकिल से चिनियां रोड की ओर से आ रहा था। उसी बीच दुर्घटना घट गई। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### चैकीदार घायल

**गढ़वा।** सदर थाना के चैकीदार शिव कुमार पासवान 30 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में चैकीदार शिवकुमार ने बताया कि वह थाना से डाक लेकर एसपी ऑफिस गया हुआ था। वहां से वापस लौटने के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे गिरकर वह घायल हो गया। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### पत्नी से लड़कर खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी रामदास यादव का पुत्र गोविंद यादव ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गोविंद का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ नोक झोक हुआ था। इसी बात से आक्रोशित होकर उसने कीटनाशाक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे विश्रामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### पेड़ से टकराई बस, एक दर्जन यात्री घायल

**नवादा।** नवादा हिसुआ पथ के बलिया गांव के समीप मंगलवार को एक बस पेड़ से टकरा गई, जिससे बस में बैठे एक दर्जन यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिसुआ में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। घायलों में तेतरी देवी, छोटन मिस्त्री, ज्योति आनंद, कन्हैया कुमार, करू यादव और देवेंद्र कुमार सभी यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद हिसुआ थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिसुआ में भर्ती कराया। घायल यात्री छोटन मिस्त्री ने बताया कि हिसुआ से नवादा आ रही बस बाइक को बचाने के क्रम में बस सीधी पेड़ में टक्कर मार दी। जिससे सभी यात्री घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## 2583.44 लीटर विदेशी शराब बरामद दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी




**पूर्वी चंपारण।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने हाईवा ट्रक पर 299 कार्टन मे रखे 2583 विदेशी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मद्यनिषेध इकाई बिहार,पटना के इनपुट पर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर डीएसपी सदर 2 के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर सघन वाहन जाँच के दौरान कोटवा थानाक्षेत्र के बेलवा माधव चौक के समीप से एक हाईवा ट्रक में रखे विदेशी शराब का कुल 299 कार्टन (2583.44 ली.) बरामद करते हुए दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये शराब तस्कर की पहचान यूपी के कुशीनगर जिले के पड़रौना निवासी अरविन्द यादव व यूपी के देवरिया जिला के रामपुर करखाना निवासी सरफराज आलम के रूप में हुई है। शराब व हाईवा को जब्त कर इस संदर्भ में कोटवा थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करो के पास बरामद दो मोबाइल से इसके फारवर्ड व बैकवर्ड लिंकेज को खंगाला जा रहा है। छापेमारी टीम में सदर 2 डीएसपी जितेश कुमार पाण्डेय कोटवा थानाध्यक्ष राजरूप राय, एसआई दीप्ती कुमारी व कोटवा थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

### नक्सलियों के नाम पर लेवी मांगने वाला अपराधी गिरफ्तार

**गया।** झारखंड में गया जिला पुलिस ने इमामगंज थाना क्षेत्र स्थित मनोहर छोटा करासन पुल के पास से नक्सलियों के नाम पर लेवी मांगने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने आज यहां बताया कि इमामगंज थाना को सूचना प्राप्त हुई थी कि पुल निर्माण में नक्सलियों के नाम लेवी की मांग की गई थी, साथ ही दहशत फैलाने के लिए अपराधियों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद इस मामले में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस को स्थानीय लोगों ने बताया कि 18 से 21 वर्ष की उम्र के 4 लोग हवाई फायरिंग कर पैदल ही वहां से निकल गए थे।

### आदर्श विद्यालय में ब्रह्मकुमारी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए: शीतल शर्मा**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के आदर्श विद्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय बाल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से ब्रह्माकुमारी जूली एवं ब्रह्मकुमारी आरती उपस्थित हुए। मौके पर विद्यालय की निर्देशिका शीतल शर्मा ने अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपस्थित जूली दीदी ने बताया की जीवन में कोई भी परिस्थिति आए तो हमें सदैव सकारात्मक सोच रखकर आगे बढ़ाना है। परीक्षा में होने वाले समस्याएं जैसे अधिक मार्क्स स्कोर कैसे करें। निर्भय होकर कैसे रहें और अपना उमंग उत्साह सदैव बनाए रखें, हमेशा संगठन में कैसे चल दूसरों के सहयोग दें। हमेशा खुश कैसे रहे, इन सब बिंदुओ पर चर्चा की। वही विभिन्न एक्टिविटीज एवं मेडिटेशन के माध्यम से उन्होंने आध्यात्मिक विकास करवाया। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए निर्देशक शीतल शर्मा ने बताया की इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो का मनोबल मजबूत होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका ज्योति शेखावत, नीलम, आरती, मन्नू जय, आकांक्षा, खुशी ने भरपूर सहयोग किया। बच्चों में राशि भोजनवाला, पवन, प्रेम, नेहा, अंजलि, शामली, सलोनी, मानवी, श्रेयान, हर्षित सहित कई बच्चे उपस्थित थे।

## प्रेम कुमार ने पवन सिंह पर नॉमिनेशन वापस लेने का बनाया दबाव, मैदान में इंजीनियर भी उतरे

एजेंसी



**रोहतास।** बिहार के रोहतास जिले के काराकाट लोकसभा सीट हॉट बनी हुई है। भोजपुरी ऐक्टर और सिंगर पवन सिंह की एंट्री के बाद यहां का चुनावी माहौल बड़ा ही दिलचस्प हो गया है अब जबकि इस हॉट संसदीय क्षेत्र से पवन सिंह ने अपने नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया है। दूसरी तरफ बीजेपी के कई नेता पवन सिंह को काराकाट से चुनाव न लड़ने की नसीहत भी दे चुके हैं। ऐसे में बिहार के बीजेपी कोटे से मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पावर स्टार पवन सिंह को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। दअरसल, जिले के डेहरी में एक राजनीतिक कार्यक्रम में मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि अगर पवन सिंह नामांकन पत्र वापस नहीं लेते हैं तो पार्टी अवश्य कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक भाजपा के विरुद्ध जो भी लड़ा है उस पर पार्टी ने अवश्य कार्रवाई की है। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि काराकाट की जनता और कार्यकर्ता एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के साथ है। उपेंद्र कुशवाहा की जीत को लेकर आश्वस्त पर्यटन मंत्री ने कहा कि वह भारी मतों से जीतेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में एक जून को होने वाले मतदान के लिए काराकाट लोकसभा सीट पर राजनीतिक दिग्गज, फिल्मी सितारे और समाजसेवी के बाद अब एमबीए डिग्रीधारी एक इंजीनियर ने भी एंट्री मार दी है।

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सभी पार्टियां चुनावी समर में उतर चुकी है और प्रत्याशियों के कारण ही काराकाट लोकसभा हॉट शीट भी बन चुका है।

### लूट व आर्म्स एक्ट के एक आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश के आलोक में छतौनी पुलिस ने स्थानीय बस स्टैंड से तीन अपराधी को गिरफ़्तार किया है। तीनो अपराधी मुफसिल थाना क्षेत्र के मनोहर कुमार,चंदन कुमार व रूपनारायण प्रसाद बताये गए हैं। इसकी जानकारी देते पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि गिरफ्तार अपराधियो में शातिर मनोहर के विरुद्ध मुफसिल थाने में लूट व आर्म्स एक्ट का पांच मामला दर्ज है। इसके अलावे छतौनी व संग्रामपूर थाने में भी उसके विरुद्ध लूट का केस दर्ज है।

### सुशील मोदी के निधन पर शोकसभा

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल में भाजपा नगर अध्यक्ष कन्हैया सर्राफ की अध्यक्षता में बिहार भाजपा के कद्दावर नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। भाजपा नेताओ ने 2 मिनट का मौन रख स्व.मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर रक्सौल भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह ने उनकी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार भाजपा का वो सितारा आज हमसे ओझल हो गया जिसके संघर्षों की बदौलत बिहार से जंगलराज का सफाया हुआ। बिहार भाजपा के मुख्यालय सह प्रभारी ई. जितेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि 2005 से जबसे एनडीए की सरकार सत्ता में आयी और जब सीएम नीतीश कुमार और सुशील मोदी डिप्टी सीएम बने तो स्व.सुशील मोदी के बेहतर वित्तीय प्रबंधन में बिहार का बजट 10 गुना बढ़ा। उनके नेतृत्व में ही बिहार से जंगलराज की समाप्ति हुई। मौके पर मनोज सर्राफ, रवि गुप्ता, कमलेश कुमार, पप्पू जी, मुन्ना कुमार, अनिल जोशी, प्रभात बरनवाल, हिमांशु अग्रवाल, देशबंधु गुप्ता, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा देवी, संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र जदयू में शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र रंधीर सिंह मंगलवार को जनता दल यूनाईटेड (जदयू) में शामिल हो गए। छपरा विधानसभा क्षेत्र से रंधीर सिंह राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ कर विधायक बने थे। उन्होंने वर्ष 2019 में राजद के टिकट पर महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। उक्त चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने उन्हें पराजित किया था। इस बार लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व से ही रंधीर सिंह राजद से टिकट मिलने के कन्फर्म होने के कारण लगातार महाराजगंज में आम मतदाताओं से मिलकर अपना प्रचार कर रहे थे। लेकिन इंडी गठबंधन में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने महाराजगंज संसदीय क्षेत्र को कांग्रेस के कोटा में दिये जाने से रंधीर सिंह चुनाव लड़ने से वंचित हो गए। जिसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में एक बैठक का आयोजन कर चुनाव लड़ने पर चर्चा की गई। जिसमें समर्थकों से मिले सुझाव पर उन्होंने जदयू की सदस्यता ग्रहण करने की बात कही थी।

### राजयकिय सम्मान के साथ सुशील मोदी के पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन



**पूर्णिया।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के मरणोपरांत मंगलवार को जब स्व मोदी का पार्थिव शरीर विधानसभा परिसर पहुंचा तो पूर्णिया के निवर्तमान सांसद संतोष कुशवाहा ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव समेत बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, सांसद और विधायक मौजूद थे। मौके पर निवर्तमान सांसद श्री कुशवाहा ने बीते दिनों को याद करते हुए स्व मोदी को अपना अभिभावक बताते हुए कहा कि जब वे पहली बार वर्ष 2010 में विधायक बने तो उनसे हमेशा पुत्रवत स्नेह मिलता रहा। जब वे वर्ष 2012 में गंभीर रूप से बीमार हुए थे तो उन्होंने पिता की तरह अपनी देख-रेख में मेरा इलाज कराया था।

## एक नजर में

### भाजपा नेता सत्यनारायण सिन्हा हत्याकांड में रीतलाल यादव समेत चार बरी

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष सत्र अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सत्यनारायण सिन्हा की हत्या के मामले में दानापुर विधायक रीतलाल यादव समेत चार आरोपियों को आज बरी कर दिया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष सत्र अदालत के न्यायाधीश विनय प्रकाश तिवारी ने सुनवाई के बाद मामले में आरोपित दानापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रीतलाल यादव, सुनील यादव उर्फ काना, संजय यादव उर्फ बेगा और श्रवन यादव को भारतीय दंड विधान की धारा 302, 307, 149 और 148 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के आरोपों से बरी किए जाने का निर्णय सुनाया।

### नीतीश अस्वस्थ, पीएम मोदी के नामांकन के लिए वाराणसी नहीं जा सके

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अस्वस्थता के कारण मंगलवार के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं और इस वजह से उन्होंने मंगलवार के अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री कुमार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन में शामिल होने के लिए वाराणसी जाने का कार्यक्रम था लेकिन अस्वस्थता के कारण वह वहां नहीं जा सके। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी की पत्नी प्रो. डॉ. जेसी जॉर्ज मोदी से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी।

### पांचवे चरण की तीन सीट पर राजग ने अपने सांसदों को किया बेटिकट

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने पांच सीटों में से तीन हाजीपुर मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी में अपने वर्तमान सांसदों को बेटिकट कर दिया है। बिहार लोकसभा चुनाव में पांचवे चरण का मतदान 20 मई को हाजीपुर (सु) मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सारण और मधुबनी में होने जा रहा है। इनमें से हाजीपुर (सु), मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी संसदीय सीट पर राजग ने अपने वर्तमान सांसदों को बेटिकट कर दिया है जबकि सारण और मधुबनी में अपने वर्तमान सांसदों को ही सियासी रणभूमि में उतारा है।

### नदी में डूबने से दो लड़कियों की मौत

**बेतिया।** जिले के मझवालिया ब्लॉक के सेमराघाट पंचायत के वार्ड 06 स्थित सेमरा में सिकरहना नदी में मंगलवार को डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गई है। जानकारी पंचायत के मुखिया शौकत अली ने दी। उन्होंने बताया कि घटना सोमबार की अपराहन की है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम सिकरहना नदी में शव की तलाश में जुट गयी है। बताया गया है कि दोनों लड़किया सिकरहना नदी के तरफ बकरी चराने गई थी। उसी दौरानसिकरहना नदी में स्नान करने गयी। नहाने के क्रम में दोनो डूब गई । डूबी लड़कियों में एक का नाम कुशुनतारा और तो दूसरे का नाम जिनतारा खातूनहै। दोनो लडकिया शाम को घर वापस नही लौटी तो अभिवावकों ने खोजबीन शुरू की। बाद में उनकी सहेलियों ने बताया कि दोनों एक साथ सिकरहना नदी में स्नान कर रहीं थी। एसडीआरएफ की टीम के साथ ग्रामीण गोताखोर तलाश में जुटे है। इलाके मेंइस घटना को लेकर हलचल है। सेमरा घाट पर बड़ी संख्या में लोग जुटे है।

### एसएसबी ने मानव तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहे तीन नाबालिग को छुड़ाया

**सुपौल।** सशस्त्र सीमा बल (एस एस बी) ने मानव तस्कर रोधी इकाई के साथ मिलकर मानव तस्करी के उद्देश्य से नेपाल से भारत लाए जा रहे तीन नाबालिग को तस्कर से मुक्त कराया है। बल के 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने मंगवार को बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति नेपाल से नाबालिग लड़कियों को राजस्थान लेकर जा रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी प्रभारी, रानीगंज को सतर्क किया तथा मोबाइल चेक पोस्ट लगाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही मानव तस्कर रोधी इकाई को भी बस पड़ाव रानीगंज भेजा गया। उप-निरीक्षक (महिला) भावना के नेतृत्व में अन्य तीन महिला कार्मिक तथा स. उ. नि. करम सिंह के साथ अन्य तीन मानव तस्कर रोधी इकाई के सदस्य हनुमान मंदिर, (बस पड़ाव) रानीगंज के पास तैनात हुए। कुछ समय उपरांत दल द्वारा सहरसा चौक से सिमराही जाने वाली बस को रोका गया । बस में बैठे यात्रियों से पूछताछ के क्रम में यह पाया गया कि बस में तीन नाबालिग (दो लड़की तथा लएकड़का) नेपाल से राजस्थान जा रहे हैं ।

### पत्रकार मनीष कश्यप बरी

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में रहते हुए मीडिया को संबोधित करने के आरोपों से संबंधित एक मामले में पत्रकार मनीष कश्यप समेत दो आरोपियों को आज बरी कर दिया। आर्थिक अपराध मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत की अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सारिका बहालिया ने मामले में सुनवाई के बाद साक्ष्य के अभाव में इस मामले के आरोपित पत्रकार मनीष कश्यप और प्रशांत कुमार को बरी किए जाने का अपना निर्णय सुनाया।

## पेज एक का शेष

### तीसरे काल में...

मोदी का नया मंत्र वंचितों को वरीयता : गिरिडीह की पीएम मोदी ने एक नया मंत्र दिया- वंचितों को वरीयता। उन्होंने कहा कि जिन्हें कोई पूछता नहीं था मोदी उसे पूजता है। मोदी गरीबों के लिए काम कर रहा है, इलाज की व्यवस्था, घर की व्यवस्था सभी पर काम किया जा रहा है।

### मंत्री आलम से ...

**35 करोड़ किसके :** मंत्री के पीए और उनके दूसरे सहयोगियों के ठिकानों पर हुई छापेमारी के बाद बरामद 35 करोड़ रुपये मामले में मंत्री आलमगीर से ईडी पूछताछ कर रही है। इस मामले में मंत्री के पीए संजीव लाल, संजीव के नौकर जहांगीर आलम को ईडी ने 7 मई को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तरी के बाद जहांगीर ने ईडी के सामने खुलासा किया था कि बरामद करोड़ों रुपए पीए संजीव लाल के हैं। वहीं संजीव लाल ने बताया कि पूरे पैसे विभाग में टेंडर देने के बदले मिले कमीशन का है। कमीशन का पैसा अधिकारियों से लेकर राजनेताओं तक जाता था। इसी के बाद मंत्री आलमगीर आलम ईडी की रडार पर आये।

# महंगाई के खिलाफ पीओके में हिंसक प्रदर्शन जारी, अब तक तीन मरे

## बवाल के बाद घुटनों पर आयी शहबाज सरकार ने 23 अरब रुपये किया आवंटित

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लगातार बढ़ती महंगाई से लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस घटनाक्रम ने शहबाज शरीफ सरकार को घुटनों पर ला दिया है। सरकार ने पीओके के लिए तत्काल 23 अरब रुपये का बजट मंजूर किया और स्थानीय सरकार ने बिजली दरों व ब्रेड की कीमतों में कटौती की घोषणा की लेकिन ये घोषाणाएं अबतक लोगों का गुस्सा शांत नहीं कर पाई हैं। पीओके में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण है। शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। सोमवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प की खबरें हैं। प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ टकराव में अबतक मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। जिनमें दो प्रदर्शनकारी और एक एसआई शामिल है। रविवार को झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। दरअसल, जरूरी चीजों के दाम बढ़ने और टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ पीओके में 10 मई से सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारियों और वकीलों द्वारा गठित संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी ने राजधानी मुजफ्फराबाद मार्च करने का आह्वान किया। सोमवार को भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर लॉन्ग मार्च जारी रखा। पुलिस ने इस मार्च को रोकने के लिए बल प्रयोग किया जिसके कारण प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। लोग संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के लगभग 70 सदस्यों को गिरफ्तार किए जाने से नाराज थे जिसके बाद हिंसा भड़की।उल्लेखनीय है कि रविवार को भीड़ में किसी ने पुलिस के एसआई अदनान कुरेशी की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए, इनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। अब तक दो प्रदर्शनकारियों की भी मौत हुई है। इसके साथ ही पीओके के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। बिजली वितरण में इस्लामाबाद सरकार की तरफ से भेदभाव किए जाने के आरोप में नीलम-झेलम परियोजना द्वारा उत्पादित 2,600 मेगावाट जलविद्युत का उचित हिस्सा नहीं मिलने की शिकायतें हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालात के बारे में चिंता जताई। उन्होंने सोमवार को प्रदर्शनकारियों और स्थानीय सरकार से बातचीत के बाद पीओके को तत्काल प्रभाव से 23 अरब रुपये के बजट की मंजूरी दी। शरीफ सरकार की घोषणा के बाद पीओके के प्रधानमंत्री हक ने बिजली दरों में कटौती की घोषणा की। उन्होंने ब्रेड की कीमतों में भी कटौती की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि बिजली और खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के विरोध में व्यापारी शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए। अगस्त 2023 में भी ऊंचे बिजली दरों के खिलाफ ऐसे ही विरोध प्रदर्शन हुए थे। बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था दो साल से अधिक समय से अत्यधिक उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रही है।

▶▶ जरूरी चीजों के दाम बढ़ने और टैक्स में बढ़ोत्तरी के खिलाफ अवामी एक्शन कमेटी ने मुजफ्फराबाद मार्च का किया आह्वान



### नवाज शरीफ बनेंगे पीएमएल-एन अध्यक्ष

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज शरीफ ने पीएमएल-एन अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। पीएमएल-एन महासचिव को लिखे पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी और कहा कि यह कर्तव्य उन्होंने पूरे समर्पण और गंभीरता के साथ निभाया। नवाज लंदन में करीब चार साल स्वनिर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वदेश लौटे थे। शहबाज का इस्तीफा पंजाब प्रांत में और संघीय स्तर पर पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच आया है।

### राफा में संरा के वाहन पर हमला, भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की मौत

नयी दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र। गाजा में संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के साथ कार्य करने वाले भारतीय सेना के एक पूर्व अधिकारी की मंगलवार को राफा में संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर हमले मौत हो गयी। संरा में भारतीय मिशन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। 2022 में भारतीय सेना से समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (डीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं। संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफा स्थित यूरोपियन अस्पताल जाते समय हुई इस घटना में डीएसएस का एक अन्य कर्मचारी घायल हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने एक बार फिर तत्काल मानवीय युद्धविराम और सभी बंधकों की रिहाई की अपील की है। उन्होंने कहा कि गाजा में संयुक्त राष्ट्र के 190 से ज्यादा कर्मचारियों की मौत हुई है।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में रह रहे दो आतंकी आकाओं की संपत्ति हुयी कुर्क

**बारामूला।** पाकिस्तान में रह रहे दो आतंकी आकाओं की जम्मू-कश्मीर के बारामूला में संपत्ति को मंगलवार को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उप न्यायाधीश उडी से कुर्की के आदेश पर पाकिस्तान में रह रहे दो आतंकी आकाओं की लाखों कीमत की 1 कनाल और 11 मरला सहित संपत्ति कुर्क की है। यह संपत्ति नवारुंडा निवासी मोहम्मद आरिफ बादल और गौहल्लन उडी के मोहम्मद बशीर की है। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस स्टेशन उडी में दर्ज विभिन्न मामलों में 83 सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है। पुलिस ने इस साल अब तक बारामूला जिले में 20 आतंकी संचालकों की करोड़ों की संपत्ति कुर्क की है।

### गुजरात के नर्मदा नदी में डूबे 8 पर्यटक

**राजपीपला।** नर्मदा जिले के पोइचा में नर्मदा नदी में मंगलवार को सात नाबालिग सहित आठ लोग पानी की तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक व्यक्ति को बचा लिया गया है, जबकि सात लोग अभी लापता हैं। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मी पानी में बहे लोगों की खोजबीन में जुटे हैं। मूल अमरेली के निवासी और सूरत में रहने वाले 10 लोग नर्मदा जिले के पोइचा घूमने गए थे। इस दौरान इनमें से आठ लोग नर्मदा नदी में स्नान करने लगे। यहां पानी का बहाव काफी तेज था। देखते ही देखते नहा रहे आठों लोग पानी में बह गए। इनमें सात नाबालिग हैं।

### जम्मू में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास गांव से पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास मिलन दी खुई गांव से गिरफ्तार किया गया है। घुसपैठिए ने अपनी पहचान कराची निवासी जहीर खान के रूप में बताई है। अधिकारियों ने बताया कि उसे स्थानीय पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां उसने कहा कि वह अनजाने में सीमा पार कर आया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दिल्ली के कई अस्पतालों को उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। दिल्ली के दीप चंद बंधु अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल तथा कई और अस्पतालों में बम की धमकी वाला ईमेल मिला है। मामले की सूचना मिलने पर सभी जगह दमकल विभाग व दिल्ली पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। समाचार लिखे जाने सर्च ऑपरेशन जारी है। दिल्ली दमकल विभाग के मुताबिक उन्हें मंगलवार सुबह कई अलग-अलग अस्पतालों से कॉल्स मिली हैं। इनमें जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल और दीप चन्द बंधु में बम होने की कॉल की गई हैं। दमकल विभाग के मुताबिक सभी कॉल्स को वेरीफाई किया जा रहा है।

### चीन सीमा पर खुलेंगे पीएम जन औषधि केंद्र

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, जिनका संचालन पूर्व सैनिक करेंगे। इसी सिलसिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने चीन सीमा पर सिक्किम से लगे क्षेत्रों का दौरा करके पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया है। इस फैसले को पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

# मोदी ने कार्यकताओं को दिया बूथ जितने का मंत्र

## कहा-संकल्प पूरा होने की खुशी एक कार्यकर्ता से ज्यादा किसी और को नहीं होती

एजेंसी

**वाराणसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में पार्टी कार्यकताओं के सम्मेलन में उनको बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख एवं बूथ समिति के सदस्य हैं।

आप लोग अपनी जिम्मेदारी के तहत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान दें। अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। मोदी ने कार्यकर्ताओं को एक जून तक अपना उत्साह और उमंग बनाए रखने के साथ-साथ प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 370 मत पड़वाने का लक्ष्य दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। उन्होंने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है। उन्होंने कहा यदि आप सभी कार्यकर्ता इजाजत दें तो आपसे कुछ कहना चाहता हूं। आपसे इतना ही कहना है, थैंक्यू। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 में यहां रोड शो किया था। देशभर में इन दिनों सप्ताह में तीन-चार रोड शो कर रहा हूं, लेकिन कल रोड शो के सारे रिकॉर्ड आपने तोड़ दिए। इसके लिए आपके माध्यम से जनता जनार्दन को सर झुकाकर धन्यवाद करना चाहूंगा। आज जो आप कर रहे हैं जीवन के कई वर्ष तक इस काम को मैंने भी किया है।

संकल्प पूरा होने की खुशी एक कार्यकर्ता से ज्यादा किसी और को नहीं होती। काशी में जो कुछ भी विगत 10 वर्ष में हुआ है वो सब आपकी वजह से हुआ है। इसलिए पक्का भरोसा है कि इस बार भी आप संभाल लेंगे। आप चुनाव जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।



नामांकन से पूर्व काल भैरव की पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# हर घर की एक महिला के खाते में जायेंगे एक लाख खटाखट : राहुल

▶▶ कहा- देश के करोड़ों युवाओं को अरबपति और महिलाओं को लखपति बनायेंगे

▶▶ सत्ता में आते ही अग्निवीर योजना कूड़ेदान में फेंक देंगे

एजेंसी

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की वीरांगना धरती झांसी मंगलवार को आये कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सत्ता में आने पर आम जनता के लिए वादों की बरसात करते हुए कहा कि एक साल में हर परिवार की एक महिला के खाते में एक लाख रुपए भेजे जायेंगे खटाखट। क्राफ्ट मेला मैदान में झांसी लोकसभा सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य के समर्थन में रैली करने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पहुंचे राहुल ने सभा स्थल के पास ही स्मार्ट सिटी के तहत लगाये गये रंग बिरंगे छातों पर तंज कसते हुए कहा कि अगर सिर्फ छाते लगाने से ही स्मार्ट सिटी बन जाती है तो मैं सारी स्मार्ट सिटी बना दूंगा। उन्होंने महिलाओं और युवाओं को साधते हुए कहा कि हर परिवार की एक महिला के खाते में एक साल में एक लाख रूपया भेजा जायेगा वो भी खटाखट खटाखट। मोदी जी ने युवाओं से कहा नाले में पाइप डालो, गैस निकलेगा और उस गैस पर पकौडे तलों। हम देश के करोडों युवाओं को अरबपति और महिलाओं को लखपति बनायेंगे। जब युवा और महिलाओं के हाथ में पैसा होगा तो वह खर्च करेंगे। इससे छोटे उद्योगों के उत्पादों की मांग बढेगी और रोजगार तो पैदा होंगें ही साथ ही छोटे उद्योग पनपेंगे। इस तरह हमारे देश की अर्थव्यवस्था दौड़ने लगेगी। हम बैकों के दरवाजें छोटे उद्योगों को लोन देने के लिए खोल देंगे। जीएसटी के स्वरूप में बदलाव करेंगे। इस सब का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा और वह भी दौड़ने लगेगी।

उन्होंने अग्निवीर योजना पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सत्ता में आते ही इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे। भाजपा के राज में किसानों को सबसे अधिक दर्द हुआ है। चार जून के बाद देश के किसानों का कर्जा माफ कर दिया जायेगा। किसानों का जो पैसा बीमा कंपनियों के पास है वह 30 दिन में दिलायेंगे। बुंदेलखंड में बीडा और डिफेंस कॉरिडोर के नाम पर किसानों और अन्यों की जमीन औने पौने दाम पर सरकार ने कब्जा ली लेकिन यहां की गरीब जनता को इनसे कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ को देखकर कहा जा सकता है कि प्रदीप जैन निश्चित तौर पर इस सीट पर चुनाव जीतने जा रहे हैं। इस दौरान मंच पर इंडिया गठबंधन उम्मीदवार प्रदीप जैन के अलावा, अखिलेश यादव, डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, राहुल रिझारिया, अरविंद वशिष्ठ और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



# भारत का एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं : योगी

यूपी के सीएम बोले, रामद्रोही अलाप रहे हैं पाकिस्तान का राग

एजेंसी

**बाराबंकी।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान को लेकर दिये गये बयान पर कटाक्ष करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान समर्थक रामद्रोही जान लें कि हमारे पास भी एटम बम है और यह एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं बना है। श्री योगी ने मंगलवार को एक जनसभा में कहा कि इस देश में रामभक्त और रामद्रोही हैं। रामभक्त राम मंदिर से उत्साहित हैं तो रामद्रोही नाखुश हैं। रामभक्तों पर गोलियां चलाने वाले यह लोग कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। मोदी का विरोध सिर्फ रामद्रोही और पाकिस्तान ही कर रहे हैं। रामभक्त ही राष्ट्रभक्त हैं। वे भारत के उत्थान के बारे में सोचते हैं तो रामद्रोही पाकिस्तान का राग अलाप रहे हैं। वे कहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ मत बोलो-उसके पास एटम बम है। पाकिस्तान समर्थक रामद्रोही जान लें कि हमारे पास भी एटम बम है, हमारा एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं बना है। यह लोग एक तरफ एटम बम की धमकी से भारत के दुश्मनों का उत्साह बढ़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ राम मंदिर का विरोध कर राम को अपमानित कर रहे हैं।



### अपहरण मामले में जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना रिहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने 'अश्लील वीडियो' कांड से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले में फंसे होलेनारासीपुरा से जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत पर रिहा कर दिये जाने के आदेश के बाद मंगलवार को उन्हें परप्पाना अग्रहारा जेल से सशर्त रिहा कर दिया गया। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने श्री रेवन्ना को सशर्त जमानत दी थी। विधायक ने जमानत के लिए पांच लाख रुपये का मुचलका भरा। शर्त के अनुसार वह फिलहाल देश से बाहर नहीं जा सकते और इस मामले से जुड़े पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते।

# कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या राय और हैदरी

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आयेंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डीओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमैजिन एज लाइट प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे।इससे पहले ऐश्वर्या फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।



### बीजापुर में नौ इनामी समेत 30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में मंगलवार को 30 नक्सलियों ने एसपी और अन्य सुरक्षाबलों के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों में से 9 इनामी हैं, जिन पर कुल मिलाकर 39 लाख रुपये का इनाम घोषित था। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 168, 85, 222वीं वाहिनी द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों का परिणाम देखने को मिला।

# फिल्मी दुनिया में वापस नहीं जाऊंगी : कंगना

▶▶ हिमाचल के मंडी सीट से अभिनेत्री रनौत ने भरा पर्चा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने किया एलान। कंगना ने ऐतिहासिक सेरी मंच से ऐलान किया कि अब वह फिल्मी दुनिया में वापस नहीं जाएंगी बल्कि यहीं जनसेवा करेंगी। भाजपा उम्मीदवार और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

नामांकन से पूर्व कंगना ने पड्डल मैदान से सेरी मंच तक रोड शो किया। पड्डल से रनौत का काफिला भाजपा के झंडों और बैनरों के साथ मंडी शहर की ओर बढ़ा। इस दौरान रनौत के साथ जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, स्थानीय विधायक अनिल शर्मा और भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज भी मौजूद रहे। सेरी में कंगना ने एक रैली को भी संबोधित किया। कंगना ने कहा कि अपनी मातृभूमि के ऐतिहासिक सेरी मंच पर उन्हें बोलने का पहली बार मौका मिला है। कंगना ने कहा कि मंडी छोटीकाशी से आपकी बेटी ने नामांकन किया है तो बड़ी काशी से आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी नामांकन किया है। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति और अस्मिता की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल एक स्वर्णिम कालखंड कहलाएगा। इस कालखंड में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। एक आदिवासी और पिछड़े समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, जल, थल और नभ सेना में अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। वहीं, तेजस और राफेल जैसे युद्धक विमानों को भी महिलाएं उड़ा रही है। चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशनों में भी महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। यही नहीं पहले कन्याभ्रूण हत्याएं ज्यादा होती थीं लेकिन अब सबसे ज्यादा बेटियों को गोद लिया जा रहा है। यही सोच बनी है कि बेटी बोझ नहीं हैं। इस सोच का आधार बना है आत्मसम्मान। बेटियों में आत्मसम्मान आएगा तो देश आगे बढ़ेगा। कंगना ने कहा कि जब वर्ष 2029 में महिला आरक्षण बिल लागू होगा, तब हिमाचल प्रदेश की 68 में से 22 सीटों पर महिला विधायक चुनकर जाएंगी। कंगना ने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर भारत का संविधान लागू कर दिया। उधर, पीओके में गृहयुद्ध चल रहा है।



### कंगना रनौत के पास 91.66 करोड़ की संपति

**शिमला।** पहली बार सियासत में अपनी किस्मत आजमाने उतरीं कंगना रनौत ने अपने नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे में अपनी चल व अचल संपति 91 करोड़ 66 लाख दिखाई है। नामांकन में उन्होंने अपनी 91 करोड़ 66 लाख दिखाई है। इसमें चल संपति 28.73 करोड़ और अचल संपति 62.92 करोड़ है। कंगना पर 17.38 करोड़ का ऋण भी है। कंगना रनौत के पास दो मर्सिडीज और एक बीबीएमडब्ल्यू समेत चार गाड़ियां हैं। कंगना के आठ बैंक खाते और 50 एलआईसी पालिसियां हैं। इनमें 3.91 करोड़ और 58.65 लाख की मर्सिडीज और 98.25 लाख की बीएमडब्ल्यू गाड़ियां हैं।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!